Follow us on :
bharatbhaskar.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

भारत भास्कर

हर खबर का असर

डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023

● वर्ष : 15 ● अंक-227 ● रायपुर, शनिवार 16 सितम्बर 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
भाद्रपद शुक्ल पक्ष
पक्ष- प्रतिपदा

3 रतनपुर प्रेस क्लब-शिक्षा खेल संस्कृति क्षेत्र से जुड़े प्रतिभावान को किया सम्मानित

5 शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में तकनीकी उन्नयन मछुआ प्रशिक्षण

7 नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने के फायदे पर कार्यशाला

सुविचार

जिनके रखवाले भगवान है उन्हें मारने वाला भी बस भगवान है।
-स्वदेश तिवारी

संक्षिप्त समाचार

पुणे हवाई अड्डे पर 33.93 लाख रुपये के सोने के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीमा शुल्क अधिकारियों ने पुणे हवाई अड्डे से सोने की तस्करी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस सोने की कीमत 33.93 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दुबई से आए आरोपी को 11 सितंबर को पकड़ा गया था। अधिकारी ने कहा, प्रोफाइलिंग के आधार पर उसे हिरासत में लिया गया। हमें पता चला कि वह अपने गुप्त स्थान पर सोना छिपाया हुआ था। 555.6 ग्राम वजन और 33.93 लाख रुपये मूल्य के सोने के पेस्ट के दो कैप्सूल बरामद किए गए। जब्त किए गए सोने को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के प्रावधानों के तहत कब्जे में लिया गया। वहीं सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 104 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की अतिरिक्त जांच जारी है।

कारोबारी पर अंधाधुंध फायरिंग, सात गोलियां मारी गईं, हालत गंभीर

रांची। रांची शहर के कांके इलाके में गुरुवार सुबह अपराधियों ने एक कारोबारी अवधेश कुमार पर अंधाधुंध फायरिंग की। उन्हें सात गोलियां मारी गई हैं। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए रांची के पल्स हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया गया कि दो अपराधी पैदल आये थे और घटना को अंजाम देने के बाद एक बाइक लूटकर फरार हो गये। ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। अवधेश कुमार जमीन और प्रॉपर्टी डीलिंग के कारोबार से जुड़े थे। माना जा रहा है कि व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता या फिर रंगदारी की मांग को लेकर उन्हें निशाना बनाया गया है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बता दें कि बीते दो महीने के भीतर रांची में दो कारोबारियों की हत्या दिनदहाड़े की गई है। दो अन्य के ऊपर फायरिंग की गई है।

गाय का दूध पीकर दो महीने का बच्चा वेंटिलेटर पर पहुंचा; डॉक्टरों ने बचाई जान

ठाणे। गाय का दूध पिलाने के कारण गंभीर संक्रमण और एसिडोसिस से ग्रस्त होने के बाद दो महीने के एक शिशु को पीआईसीयू में वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। मीरा रोड स्थित वॉकहार्ट अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि लगभग चार सप्ताह के उपचार के बाद उसे बचा लिया गया। दो महीने के अंश राऊत को सांस लेने में कठिनाई के कारण गंभीर हालत में अप्रैल के अंत में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे बाल चिकित्सा आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया। उसका डायलिसिस भी करना पड़ा। वॉकहार्ट अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित गुप्ता ने कहा कि बच्चा गंभीर स्थिति में था।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जशपुर से किया परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ सिर्फ छलावा किया : नड्डा

जशपुर / संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज छत्तीसगढ़ जशपुर से 'परिवर्तन यात्रा' का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। राज्य में भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है। 'परिवर्तन यात्रा' के शुभारंभ के दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यहां पिछले 5 साल में सिर्फ छलावा किया है, आप लोगों को केवल गुमराह किया है। अपने मेनिफेस्टो की एक भी बात उन्होंने पूरी नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में न तो माताओं को 500 रुपये प्रतिमाह मिले। न ही गरीब माताओं को मुफ्त गैस सिलेंडर मिले। न ही भूमिहीन जनजातीय भाईयों को जमीन मिली। नड्डा ने जोर देते हुए कहा कि मैं आप सबको बताना चाहता हूं कि भूपेश बघेल के हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और हैं। खाने के लिए इन्होंने भ्रष्टाचार किया और दिखाने के लिए कहा कि माताओं को प्रतिमाह 500 रुपये दूंगा और बेरोजगार नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता दूंगा। लेकिन पिछले 5 साल में किसी को भी कुछ नहीं मिला। इस तरह भूपेश बघेल ने यहां सरकार चलाई है। उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन यात्रा इसलिए है कि पहले भी हमने आपकी सेवा की है, आगे भी हम आपकी सेवा करेंगे। हम वादा करते हैं कि मोदी जी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई हैं, उनको भी फिर से छत्तीसगढ़ में लागू करेंगे और गरीबों का कल्याण करेंगे। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि किसानों और महिलाओं का

सशक्तिकरण हम करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने का काम करेंगे और इस परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भूपेश बघेल और उनकी सरकार का भ्रष्टाचार छत्तीसगढ़ की जनता के सामने लाएंगे। और छत्तीसगढ़ से इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम यहां की जनता के सहयोग से करेंगे। नड्डा ने कहा कि 2014 में आपके पास जो मोबाइल होता था उस पर लिखा होता था मेड इन चाईना, 92 प्रतिशतमोबाइल चीन में बनते थे। आज 97त्न मोबाइल भारत में बन रहे हैं। ये बढ़ता हुआ भारत है। उन्होंने कहा कि अगर मैं विकास कार्यों की बात करूं तो आज छत्तीसगढ़ में 5 नेशनल हाइवे बन रहे हैं। रायपुर से धनबाद तक इकोनॉमिक कॉरिडोर बन रहा है। रायपुर में एम्स दिया गया।यहां अम्बिकापुर में मेडिकल कॉलेज खोला गया है। हर दृष्टि से यहां विकास के काम हुए हैं। विपक्ष पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि आजकल सनातन धर्म पर बहुत चर्चा हो रही है। इस इंडिया गंठबंधन ने मुंबई में 1 सितंबर को बैठक की और 3 सितंबर को इनके एक मुख्य सहयोगी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और छ्रब्ध नेता स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना गंभीर बीमारियों से की और सनातन का निरादर किया। उसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खड़गे (जो कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं) ने सनातन धर्म पर दोबारा अनुचित टिप्पणी की।

मां-बेटे ने बनाया सनातन धर्म को अपमान करने का एजेंडा: भाजपा अध्यक्ष

उन्होंने कहा आज के समय में सनातन धर्म पर बहुत सी बातें हो रही हैं। एक सितंबर को आईएनडीआईए गठबंधन की मुंबई में बैठक हुई थी और तीन सितंबर को गठबंधन के एक मजबूत सहयोगी और डीएमके प्रमुख के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म का अपमान किया, लेकिन सोनिया गांधी और राहुल गांधी उनके इस बयान पर चुप हैं। मेरा आरोप है कि मां-बेटे दोनों ने मुंबई की बैठक में सनातन धर्म का अपमान करने का एजेंडा बनाया है, जिसे डीएमके और अन्य पार्टियों को सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करना और बघेल सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना है।

सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

कविता की याचिका पर 26 सितंबर तक लगाई रोक

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले में बीआरएस एमएलसी के कविता को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के समन के खिलाफ बीआरएस एमएलसी के कविता की याचिका पर सुनवाई 26 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। दरअसल, ईडी ने 26 सितंबर तक उनके खिलाफसमन को टाल दिया है। इस मामले को लेकर ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह के कविता को 26 सितंबर तक उसके सामने पेश होने के लिए जोर नहीं देंगे। ईडी ने इससे पहले मार्च में तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के कविता से पूछताछ की थी। न्यूज एजेंसी एएनआई के सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में ईडी ने एक दर्जन से ज्यादा लोगों को तलब किया है। 20 मार्च को कविता को ईडी ने समन जारी किया गया था, इस दौरान कविता ने कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई है, लेकिन वह अभी लंबित है, जिसके कारण वह एजेंसी के सामने पेश नहीं हुई थीं।

शहीद कर्नल मनप्रीत को बेटे ने मुखाग्नि दी

सात साल का मासूम बेटा कबीर बोला-पापा जय हिंद-पत्नी ताबूत पर सिर रखे रोती रही....

चंडीगढ़/ एजेंसी

अनंतनाग में बुधवार 13 सितंबर को आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए न्यू चंडीगढ़ के कर्नल मनप्रीत सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भड़ौजियां में हुआ। यहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें विदाई दी गई। 7 साल के बेटे कबीर ने शहीद पिता को मुखाग्नि दी। वह सैनिक की वर्दी पहने था। आखिरी बार अपने पिता से उसने बस इतना ही कहा- पापा जय हिंद। शहीद कर्नल की अंतिम यात्रा को घर से 200 मीटर की दूरी तय करने में 20 मिनट लगे। पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित शहीद कर्नल मनप्रीत को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। चंडीगढ़ से जब शहीद की पार्थिव देह भड़ौजियां लायी गई तो उनके घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। कर्नल मनप्रीत की पत्नी उनके ताबूत पर सिर रखे रोती रहीं। कर्नल की अंतिम यात्रा जिस रास्ते से गांव पहुंचनी थी, उसे गांव वालों ने खुद साफकिया। पार्थिव देह घर पहुंचने पर लोगों ने फूल बरसाए। शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह की मां मनजीत कौर ने बताया कि वह अकसर टीवी पर जम्मू एवं कश्मीर

की खबरें देखती थी। जब से उनका बेटा जम्मू कश्मीर में तैनात हुआ था तो उन्हें लगता था कि किसी दिन वह टीवी पर उन्हें दिख जाएगा, लेकिन जिस दिन बेटे की खबरें टीवी पर चली, उस दिन वह किसी वजह से टीवी नहीं देख पाई। टीवी पर अपने बेटे को देखने की ख्वाहिश उनकी अब हमेशा के लिए अधूरी रह गई है। शहीद कर्नल के साथ पढ़े गांव के दीपक सिंह ने बताया कि मनप्रीत बचपन से ही काफी बहादुर थे। वह जो ठान लेते थे, उसको पूरा करके ही रहते थे। 2021 में ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे आतंकवादियों का सामना किया था और उन्हें ढेर कर दिया था। इसके बाद उन्हें सेना मेडल से सम्मानित किया गया था। मनप्रीत सिंह 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कर्नल थे। सेना की इसी बटालियन ने 2016 में आतंकी बुरहान वानी को ठिकाने लगाया था। चंडीगढ़- कुराली हाईवे पर गांव भड़ोदिया के पास जूस की दुकान करने वाले बिल्ला ने बताया कि शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह बहादुर ही नहीं बड़े दयालु इंसान भी थे।

आतंकियों के संदिग्ध ठिकाने पर ड्रोन से दागे ग्रेनेड

अनंतनाग में चार दिन से मुठभेड़ आज एक और जवान शहीद हुए

अनंतनाग/ एजेंसी

कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। बुधवार को आतंकियों की गोली लगने से एक जवान घायल जवान की भी मौत हो गई है। सुरक्षा बल उस जगह की ओर गोलीबारी और धमाके कर रहे हैं जहां माना जा रहा है कि आतंकवादी छिपे हो सकते हैं। दो से तीन आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगल में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है। इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को

सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट शहीद हुए थे। एक जवान भी शहीद हुआ है। सेना के कमांडोज, स्निफर डॉग्स, ड्रोन, हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किमी के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है। आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी। अफसरों का मानना है कि ये वही आतंकी हैं, जिनसे 4 अगस्त को कुलगाम के जंगल में मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए थे। कश्मीर में पिछले तीन साल में यह सबसे बड़ा हमला है।

बेटे की चाहत ने बनाया हैवान: 8 माह की गर्भवती पत्नी और चार वर्षीय बेटी की गला घोंटकर हत्या

नांदेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक बहुत ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक सैनिक ने अपनी गर्भवती पत्नी और 4 साल की बेटी का गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। पुलिस ने तुरंत ही उसे गिरफ्तार कर लिया और घटनास्थल पर पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। इस घटना के बाद से हर कोई हैरान है। यह घटना तहसील के बोली गांव में हुई। यहां रहने वाला एकनाथ मारुति जायभाये (32) राजस्थान के बीकानेर में सेना में कार्यरत है।

वकील ने सुको को लिखा-संवैधानिक मामले न सुनें

सीजेआई बोले- क्या आर्टिकल 370 पर सुनवाई भी जरूरी नहीं

नई दिल्ली/ संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को मेल कर कहा था कि अदालत को संवैधानिक मामलों के बजाय सामान्य मामलों पर सुनवाई करनी चाहिए। जिस पर सीजेआई ने शुक्रवार यानी 15 सितंबर को असहमति जताई। चीफ जस्टिस को मेल करने वाले एडवोकेट मैथ्यूज जे. नेदुमपारा शुक्रवार को एक मामले में सुनवाई के लिए सीजेआई जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच के सामने पेश हुए थे। सुनवाई पूरी होने के बाद

सीजेआई ने कहा- मेरे सेक्रेटरी जनरल ने आपका वो शिकायती ईमेल दिखाया। जिसमें आपने कहा था कि संविधान बेंच की ओर से सुने जाने वाले मामलों को बेकार बताया था। जवाब में मैथ्यूज ने कहा- बिल्कुल, सुप्रीम कोर्ट को आम आदमी के मामलों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि मैं बस आपको यह बताना चाहता था कि आपको नहीं पता संविधान बेंच किन मामलों पर सुनवाई करती है। ये मामले इतने पेचीदा होते हैं कि अक्सर संविधान की व्याख्या करनी पड़ती है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म करने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं का जिक्र किया। सीजेआई बोले- क्या इस मामले पर सुनवाई जरूरी नहीं है, मुझे नहीं लगता कि जो आप महसूस करते हैं सरकार या याचिकाकर्ता भी वैसा ही महसूस करते होंगे।

महादेव एप के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

भोपाल व मुंबई से 417 करोड़ जब्त, छत्तीसगढ़ से जुड़े हैं तार

रायपुर। संवाददाता

प्रवर्तन निदेशालय ने आनलाइन जुआ एप महादेव बुक मनी लांड्रिंग मामले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ईडी ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव एप से जुड़े मनी लांड्रिंग नेटवर्क के खिलाफव्यापक तलाशी ली और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सबूत हासिल किए और 417 करोड़ रुपये के आय को फ्रीज या जब्त कर लिया है। इसके मुख्य संचालक छत्तीसगढ़ भिलाई के सौरभ और रवि उप्पल हैं। ईडी ने महादेव एप के खिलाफपहली कार्रवाई रायपुर में की। इस मामले में एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, हवाला कारोबारी सुनील दम्मानी और अनिल दम्मानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके द्वारा मिले सबूत के आधार पर ईडी ने कोलकाता और मुंबई में हवाला कारोबारियों के यहां छापामार कार्रवाई की और नकदी रकम के साथ आभूषण जब्त किए हैं। ईडी को जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ भिलाई के रहने वाले सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल महादेव आनलाइन बुक के मुख्य संचालक हैं और दुबई से संचालन कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि महादेव आनलाइन बुक संयुक्त अरब अमीरात में एक केंद्रीय प्रधान कार्यालय से चलाया जाता है और अपने परिचित सहयोगियों को 70 से 30 प्रतिशत लाभ पर पैनल या शाखाओं की फ्रेंचाइजी देकर संचालित होता है। ईडी द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि सट्टेबाजी की आय को

अलग-अलग खातों का उपयोग किया जा रहा है। हवाला के जरिए पैसा दूसरे देशो में भेजा जा रहा। नए उपयोगकर्ताओं और पैनल चाहने वालों को आकर्षित करने के लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों के विज्ञापन के लिए भारत में नकद में बड़े पैमाने पर खर्च भी किया जा रहा है। फरवरी 2023 में सौरभ चंद्राकर ने आरएके, यूएई में शादी की और इस विवाह समारोह के लिए महादेव एप के प्रमोटरों ने लगभग 200 करोड़ रुपये नकद खर्च किए। परिवार के सदस्यों के अलावा छत्तीसगढ़ से लगभग 200 लोगों को नागपुर से यूएई तक ले जाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए गए थे। वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर आदि को मुंबई से काम पर रखा गया था और नकद भुगतान करने के लिए हवाला का उपयोग किया गया था। ईडी ने कहा कि उसके द्वारा एकत्र किए गए डिजिटल सबूतों से पता चला कि योगेश पोपट की एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी-आर-1 इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को हवाला के जरिए 112 करोड़ रुपये दिए गए थे और 42 करोड़ रुपये की होटल बुकिंग में नकद में भुगतान करके की गई थी। इसमें यह भी कहा गया कि पोपट, एक मिथिलेश और अन्य जुड़े आयोजकों के यहां तलाशी के दौरान 112 करोड़ रुपये की हवाला राशि की प्राप्त करने के संबंधित सबूत सामने आए। ईडी ने दावा किया कि इसके बाद, पोपट द्वारा नामित आंगड़िया पर तलाशी ली गई और 2.37 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई।

30 से ज्यादा लोगों से कर चुकी है पूछताछ

ईडी ने चार आरोपितों की गिरफ्तारी और 13 दिन की रिमांड पर 30 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। जो कहीं न हीं महादेव एप के संचालन में जुड़े हुए थे। इसमें सट्टा संचालक, राजनीति और पुलिस में जुड़े लोग भी शामिल हैं। ईडी को जांच में पता चला है कि सट्टे बाजी का ये धंधा बढ़ाने में सटोरियों ने सरकारी संरक्षण हासिल किया है। सटोरियों का एक केंद्रीय प्रधान कार्यालय दुबई में है, वहां 70 प्रतिशत-30 प्रतिशत प्रॉफिट रेश्यो में बिजनेस चलता है। सट्टेबाजी की आय को विदेशी खातों में भेजने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला ऑपरेशन किए जाते हैं। ईडी ने पहले छत्तीसगढ़ राज्य में छापे मारी की थी। पता चला है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को 'संरक्षण राशि' (प्रोक्टेक्शन मनी) के रूप में रिश्वत दी जा रही थी।

आंखों को तनाव में डालती है एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी

एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है।

मोबाइल और लैपटॉप के बढ़ते इस्तेमाल के कारण हमारी आंखों का इस्तेमाल पहले से कहीं ज्यादा हो रहा है। जिससे लोगों में सिरदर्द, जलन और आंखों में तनाव के मामले बढ़े हैं। खासकर, एलईडी और टीएफटी स्क्रीन से निकलने वाली सफेद रोशनी आंखों को तनाव में डालती है। आयुर्वेद के अनुसार, संपूर्ण शरीर की तरह आंख भी तत्वों से संबंधित है। आंख की मांसपेशियां पृथ्वी तत्व द्वारा नियंत्रित होती हैं, जबकि ब्लड वेसल्स अग्नि द्वारा और आंखों का रंग हवा से नियंत्रित होता है। आंखें पित्त दोष का आसन हैं। चूंकि पित्त दोष उम्र के साथ असंतुलित हो जाता है, इसलिए आंखें प्रभावित होती हैं।

सुबह उठकर मुंह में पानी भरें

रोज सुबह उठकर टॉयलेट जाने से पहले या बाद में मुंह में पानी भरें और कुछ सैकंड्स तक होल्ड करें। इस दौरान आपकी आंखें बंद होनी चाहिए। अब कुल्ला कर दें और इस प्रक्रिया को दो से 3 बार दोहराएं।

त्रिफला वॉटर का उपयोग करें

त्रिफला वॉटर आई वॉश आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। यह न केवल आपके आंखों की रोशनी बढ़ाता है, बल्कि आंखों की चमक में भी सुधार करता है। खासतौर से थकी हुई आंखों को आराम देने का यह बेहतरीन तरीका है।

स्वस्थ आंखों के लिए षटकर्म करें

आयुर्वेद में शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने ,उसे मजबूत बनाने और रोगमुक्त बनाने के लिए 6 प्यूरीफिकेशन टेकनीक के बारे में बताया गया है। इनमें से नेती और त्राटक सूखी आंखों और आंखों के स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे आयुर्वेदिक उपाय के रूप में काम करते हैं। बता दें कि त्राटक षटकर्म आंख का व्यायाम है जिसमें किसी भी बिंदु पर आंखों को स्थिर करके निरंतर देखना होता है।

बरतें ये सावधानियां

- आंखों की देखभाल के दौरान कभी भी बहुत तेज गर्म या फिर बर्फ के पानी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।
- अचानक तापमान में हुए परिवर्तन से बचने का प्रयास करें।
- अगर आपका शरीर गर्म हो रहा है या आप पसीने से तर हैं, तो अपने चेहरे और आंखों पर पानी के छीटें मारने से पहले 10 मिनट तक इंतजार करें। जब तक आपकी बॉडी सही तापमान में एडजस्ट न हो जाए, छीटें मारने से बचें।
- सुबह-शाम चेहरे पर पानी के छीटे मारें
- 10-15 बार अपनी आंखों और चेहरे पर ठंडे या फिर नॉर्मल पानी के छीटें मारें। इस प्रक्रिया को आप तब भी दोहराएं , जब शाम को काम से वापस घर लौटें। ऐसा करने से आंखों को बहुत आराम मिलेगा।

स्वस्थ आंखों के लिए फायदेमंद है अंजन

स्वस्थ आंखों के लिए अंजन का उपयोग बहुत फायदेमंद है। अंजना एक आयुर्वेदिक दवा है, जिसे आंखों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए पलकों के अंदरूनी हिस्से पर लगाते हैं। बता दें कि अंजना जड़ी-बूटियों से बना एक गाढ़ा आईलाइनर है। इसे कोलिरिसम भी कहते हैं। इसका उपयोग आंखों की रोशनी बढ़ाने और आंख से जुड़ी अन्य बीमारियों के लिए किया जाता है। हालांकि, यह काजल की तरह दिखता है, लेकिन इससे काफी अलग है। इसे मिनरल्स और जड़ी-बूटियों को पीसकर पेस्ट के रूप में तैयार किया जाता है। आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी है। उम्मीद है यहां एक्सपर्ट द्वारा बताए गए तरीकों से आपको आंखों की सही देखभाल करने में मदद मिलेगी।



वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक भी एक कारण है हार्ट फेलियर का

वायु प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से हमारी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। लेकिन कई दफा हम इसे नजरअंदाज करते हैं। शोध में पता चला है कि ये दोनों पर्यावरण हार्ट फेलियर का भी एक कारण हैं।

देश में दिवाली आने वाली है और इस माह में लोगों द्वारा की जाने वाली आतिशबाजी के कारण वायु प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ जाता है और स्मॉग का रूप ले लेता है। इस तरह के पॉल्युटिड स्मॉग में धूल और वायु प्रदूषक जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई आक्साइड, ज्वलनशील कार्बनिक यौगिक आदि हानिकारक मिश्रण रहते हैं। जो खांसी, गले में खराश, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण, आंख व नाक में एलर्जी के अलावा इम्यून सिस्टम को भी कमजोर बनाते हैं। हाल ही में वायु प्रदूषण पर एक शोध आया है जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। नए शोध के अनुसार, वायु प्रदूषण और सड़क यातायात के शोर के संपर्क में आने से हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। शोध का रिजल्ट अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के एक ओपन-एक्सेस जर्नल 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' में प्रकाशित किया गया था। इसलिए आपको वायु प्रदूषण से खुद को सेफ रखने की बहुत ज्यादा जरूरत है।

वायु प्रदूषण पर शोध

नए रिसर्च के विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 15 से 20 साल के पीरियड में लॉन्ग टर्म एनवायरनमेंट इंपैक्ट को लेकर हर्ट फेलियर की जांच की। डेनमार्क में महिला नर्सों पर हुए शोध में एयर पॉल्यूशन और रोड ट्रैफिक हर्ट फेलियर की मुख्य वजह पाया गया। बता दें कि शोध में जिन महिलाओं को लिया गया था उनकी उम्र 44 वर्ष और उससे अधिक थी। प्रतिभागियों को 1993 और 1999 में भर्ती किया गया था और जब उन्होंने नामांकन किया, तो हर महिला ने बॉडी मास इंडेक्स, लाइफस्टाइल फैक्टर जैसे धूम्रपान, शराब का सेवन, शारीरिक गतिविधि और आहार संबंधी आदतों के अलावा अपनी मेडिकल कंडीशन के बारे में भी पूरी जानकारी दी थी। इन सभी प्रतिभागियों को डेनिश नेशनल पेशेंट रजिस्टर से लिंक करने के 20 साल के बाद हार्ट फेलियर के बारे में पता चला जिनका बाद में इलाज भी हुआ और इसके रिकॉर्ड भी हैं।

दिल के लिए ज्यादा खतरनाक है वायु प्रदूषण

डेनमार्क स्थिति कोपेहेगन यूनिवर्सिटी के एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट से जुड़े असिस्टेंट प्रोफेसर और शोध को लीड करने वाले ऑथर ने कहा कि स्टडी में पाया गया है कि तीन वर्षों में रोड ट्रैफिक का शोर 12 फीसदी हार्ट फेलियर के खतरे का कारण बना। उन्होंने आगे कहा, हम आश्चर्यचकित थे कि कैसे दो पर्यावरणीय कारक - वायु प्रदूषण और सड़क यातायात शोर ने एक साथ हृदय गति रुकने का जोखिम बढ़ा दिया है। शोध में पता चला है कि रोड ट्रैफिक की तुलना में एयर पॉल्युशन हर्ट फेलियर के खतरे की मजबूत वजह बना। हालांकि, इन हर्ट फेलियर वाली 30 प्रतिशत नर्सों में हाई ब्लड प्रेशर की भी समस्या थी।

सांस लेने में तकलीफ

वायु प्रदूषण की वजह से बुजर्ग लोगों को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एयर पॉल्युशन के कारण बुजुर्गों के शरीर के कई अंग धीमी गति से कार्य करते हैं और इसी तरह का हाल फेफड़ों का रहता है। क्योंकि लंग्स प्रदूषित हवा को सही तरीके से फिल्टर नहीं कर पाते हैं जिस वजह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत आती है।

आंखों में परेशानी

वायु प्रदूषण के चलते कई बार बच्चों से लेकर बुजुर्गों की आंखों में भी दिक्कतें आती हैं। दूषिक हवा के कण हमारी आंखों में एलर्जी पैदा करने लगते है जिससे कई बार हमें आस-पास की चीजें साफ नहीं दिखती हैं। साथ ही धूल मिट्टी से आंखों में खुजली भी होती है।

सेहत संबंधी दिक्कतें

बुजुर्गों का इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है जिसकी वजह से उनको वायू प्रदूषण और रोड ट्रैफिक से उनका दम घुटने लगता है। वे इस वातावरण को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते। इसके चलते कई दफा, छींकआना, छाती में जलन, स्किन डिजीज, फेफड़ों के संक्रमण और गले में खराश जैसी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

आपकी सेहत पर कैसे असर डालती है कुंजल क्रिया

क्या आपने कभी कुंजल क्रिया के बारे में कुछ सुना है। अगर नहीं तो यह क्रिया आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करती है। आइए जानते हैं कुंजल क्रिया के बारे में और जानते हैं कैसे यह आपकी सेहत पर असर डालती है।

भारत में योग का चलन आज से नहीं बल्कि सदियों से रहा है। योग महज एक शारीरिक व्यायाम नहीं है। बल्कि यह जीवन को सरल और बेहतर बनाने का एक बेजोड़ तरीका है। आज हम आपको योगा की एक ऐसी ही टेक्निक से रूबरू कराएंगे। जो आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को तो बाहर निकालती ही है। साथ ही आपको कई दूसरे लाभ भी देती है। दरअसल हम बात कर रहे हैं कुंजल क्रिया के बारे में। यह अन्य योगासन से बहुत भिन्न है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस क्रिया में आपको उल्टी करनी होती है। हां शायद यह आपको थोड़ी अजीब लग सकती है। लेकिन कुंजल क्रिया सही मायने में बहुत ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं इस क्रिया के बारे में।

क्या है कुंजल क्रिया

कुंजल क्रिया आपके शरीर से अशुद्धियां बाहर निकालने की एक जबरदस्त टेक्निक है। कुंजल क्रिया के बारे में सबसे पहले हठयोग से संबंधी एक प्रदीपिका ग्रंथ में दिया गया था। इस ग्रंथ में ही इसे शरीर की सफाई करने की तकनीक के रूप में बताया गया है। कुंजल क्रिया न केवल आपके शरीर को साफ करती है बल्कि यह आपके मन को भी नियंत्रित करने में भी सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा जर्नल ऑफ आयुर्वेद एंड इंटीग्रेटिव मेडिसिन में इसे लेकर एक शोध भी प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि उल्टी करने के बाद व्यक्ति को खालीपन महसूस होता है और इससे कई शारीरिक लाभ होते हैं। आइए जानते हैं कैसे की जाती है कुंजल क्रिया।

कैसे होती है कुंजल क्रिया

- इसके लिए आपको कम से कम 6 से 8 गिलास गुनगुने पानी की जरूरत होगी और हर एक लीटर पानी पर एक चम्मच सेंधा नमक या साधारण नमक भी चाहिए होगा।
- अब आपको एक लीटर पानी में एक चम्मच सेंधा नमक मिलाना होगा और कगासन की मुद्रा में बैठना होगा।
- इसके बाद आपको इसी मुद्रा में यह पानी जल्दी से जल्दी पीना होगा और उल्टी करने के लिए थोड़ा आगे झुक कर खड़ा होना होगा।
- जब आपको लगे की पेट खाली हो चुका है तो शवासन की मुद्रा में 30 मिनट के लिए लेट जाएं।
- इस क्रिया में आपको उल्टी तुरंत आ जाती है। ऐसे में अगर यह क्रिया करें तो विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें।

वजन और पाचन के लिए

जब भी आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके पेट की मांसपेशियां सिकुड़ जाती है और फैट कम हो जाता है। ऐसे में अगर आप फैट या वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो य क्रिया आपके लिए बहुत फायदेमंद होगी। यह पाचन तंत्र को पूरी तरह स्वस्थ रखने काम काम करती है।

तनाव और चिंता से राहत

जब आप इस क्रिया को करते हैं तो इससे शरीर में रक्त प्रवाह बेहतर हो जाता है और आपके शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचने लगता है। इससे आपका हार्ट रेट कम हो जाता है और सांस लेना भी आसान हो जाता है। साथ ही यह ब्लड प्रेशर को भी ठीक करता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कुंजल क्रिया के जरिए तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। ध्यान रहे कि यह क्रिया किसी विशेषज्ञ की निगरानी में ही की जाए। अगर आपकी पेट की सर्जरी हुई है या फिर आपकी आयु 16 साल से कम है तो इस आसन को बिल्कुल ना करें।

खांसी और सर्दी से राहत

जब आप कुंजल क्रिया करते हैं तो इससे आपके फेफड़ों की मांसपेशियां मजबूत होती है और इनकी सहन शक्ति बढ़ जाती है। साथ ही इसके जरिए आपके फेफड़े भी साफ हो जाते हैं और आपके लिए सांस लेना आसान हो जाता है। इस तरह यह सर्दी और खांसी के लक्षणों से राहत दिलाती है।

एनर्जी का पावरहाउस है केला

केला एक ऐसा फल है जो स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। दुनियाभर में केले की एक हजार से ज्यादा प्रजातियां हैं, यही वजह है कि केला आसानी से उपलब्ध होने वाला फल है। केले का सेवन शरीर को काफी फायदा पहुंचाता है। ये आम धारणा धारणा भी बनी हुई है कि सर्दियों में केला खाने से बीमार पड़ सकते हैं इस वजह से वे केले का सेवन नहीं करते हैं। केले में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी, डाइटेरी फाइबर और मैग्नीज़ भी होता है। इसमें विटामिन बी6 भी होता है। केला फैट फ्री, कोलेस्ट्रॉल फ्री भी माना जाता है। केले को उर्जा का पॉवर हाउस भी कहा जाता है।

पाचन के लिए फायदेमंद

केले में पानी और फाइबर होता है, जो पाचन स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करते हैं। एक मध्यम आकार का केला एक व्यक्ति की एक दिन की जरूरत का लगभग 10त्न फाइबर प्रदान करता है। इसके सेवन से पाचन शक्ति मजबूत होती है। केला पाचन प्रक्रिया को बेहतर करने में भी काफी मदद करता है।

स्ट्रेस भगाए

स्ट्रेस में केला काफी फायदेमंद होता है। इसमें ट्रिप्टोफैन नाम का तत्व पाया जाता है। यह शरीर में सेरोटोनिन बनाने का काम करता है। स्ट्रेस को कम करने में सेरोटोनिन काफी काम आता है। मतलब अगर आप केला खाते हैं तो स्ट्रेस आपके पास भी नहीं फटकता है।

हड्डियों को स्वस्थ रखता है

केले में मैग्नीशियम और कैल्शियम होता है। ये हड्डियों के लिए बहुत फायदेमंद है। ये हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। ये हड्डियों की समस्या को दूर करता है। इसमें जोड़ों दर्द आदि शामिल है। नियमित रूप से केले का सेवन करें। इससे हड्डियां मजबूत रहती हैं।

किडनी के लिए फायदेमंद

केले में पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता हैं। पोटैशियम शरीर में तरल पदार्थ के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है और कोशिकाओं के अंदर और बाहर पोषक तत्वों और अपशिष्ट उत्पादों की गति को नियंत्रित करता है। यह दिल की धड़कन को नियमित रखता है और रक्तचाप पर सोडियम के प्रभाव को कम कर सकता है। पोटैशियम लोगों की किडनी में पथरी के जोखिम को कम कर सकता है। यह किडनी को स्वस्थ रखता है।

दिल को रखता है दुरुस्त

हार्ट की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो हर दिन केले का सेवन करें। इसमें पोटैशियम की मात्रा भरपूर पाई जाती है। यह हार्ट को सही तरीके से काम करने में हेल्प करता है। केले में विटामिन बी 6 की भी प्रचुरता होती है। यह भी हार्ट के लिए फायदेमंद होता है।

कमजोरी दूर करने में फायदेमंद

केले में कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में होता है। इससे आपका पेट जल्दी भर जाता है। आप नाश्ते में केले का सेवन कर सकते हैं। कई बार जल्दीबाजी के चक्कर में नाश्ता छूट जाता है। ऐसे में आप केले का सेवन कर सकते हैं। ये आपको एनर्जी देता है। ये आपको दिनभर ऊर्जावान रखने में मदद करता है।

डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज रोगियों के लिए यह एक बड़ी समस्या है कि उन्हें कौन से फलों का सेवन करना चाहिए। चूंकि केला स्वाद में मीठा होता है तो ज्यादातर लोग केला खाने से बचते हैं। हालांकि कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मधुमेह रोगियों को केला खाना चाहिए क्योंकि इसमें फाइबर होता है। फाइबर का सेवन ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद करता है।

ब्लड प्रेशर में फायदेमंद

यदि आप ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव की वजह से परेशान रहते हैं या फिर आपको जल्दी थकान महसूस होने लगती है तो केला का सेवन जरूर करना चाहिए। केले में पोटैशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है जिससे शरीर के अंदर रक्त संचार ठीक रखता है।

सार-समाचार

पटाखा लायसेंस के लिए आवेदन 6 अक्टूबर तक

बिलासपुर :- 15 सितंबर 2023 को दीपावली पर्व के दौरान अस्थायी पटाखा लायसेंस लेने हेतु जिला कार्यालय बिलासपुर के लायसेंस शाखा में 6 अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकते है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि अस्थायी पटाखा लायसेंस के नवीन एवं पूर्व से जारी लायसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदक नियत तिथि तक जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

खड़गावाकला रीपा केंद्र में लगाएं गये जीरेनियम से निकला गया सुगंधित तेल

नन्दू यादव

सूरजपुर भारत भास्कर छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) अंतर्गत कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदशन में खड़गवाकला रीपा केंद्र की महिला स्व सहायता समूह के द्वारा कुछ समय पूर्व जीरेनियम (सुगंधित पौधों) की खेती की गई थी। जिसमें रीपा टेक्निकल एक्सपर्ट एजेंसी के सहयोग से स्व सहायता समूह की दीदियों ने पूरे संभाग मे पहली बार जीरेनियम (सुगंधित पौधा) की खेती सफ़लतापूर्वक करायी। इन पौधे की पत्तियों से मशीन द्वारा सुगंधित तेल निकलवाया गया है।इसके साथ ही उद्यानिकी विभाग के सहयोग से 2000 नर्सरी पौधे भी तैयार भी कराये गए हैं जिसके लिए गौठान में ही निर्मित वर्मी कंपोस्ट खाद का उपयोग किया गया है। भविष्य मे कुल 50,000 पौधे तैयार करने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस नवाचार के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने उद्यम की तरफ अपना कदम बढ़ाया है, जिससे वो आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।

प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 का स्कूलों में संचालन

नन्दू यादव

सूरजपुर भारत भास्कर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोशम के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्कूलों में आजादी के दिवानों और वीर जवानों की गाथाओं पर होंगे। कार्यक्रम कक्षा 03 से 12 वीं तक के विद्यार्थी लेंगे हिस्सा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होंगे सुपर 100 विजेता प्रत्येक विजेता को मिलेगा 10 हजार रूपए की पुरस्कार राशि, पदक और रक्षा मंत्रालय का प्रमाण पत्र। आजादी के 75 वें वर्ष गांठ के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के साथ सुरजपुर जिले के सभी स्कूलों में देश के आजादी के दिवानों और सेना के वीरता पुरस्कार प्राप्त जवानों की गाथाओं पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वीरगाथा प्रोजेक्ट 3.0 के तहत किए जाने वाले इन आयोजनों में शासकीय और अशासकीय स्कूलों के कक्षा 3 से 12 वीं तक के स्कूली बच्चें विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। प्रोजेक्ट वीरगाथा 3.0 में वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले जवानों की जीवन से मिली सीख, वीरता पुरस्कार प्राप्त जवानों का देश के लिए सर्वोच्च बलिदान, मेरे सपनों में रानी लक्ष्मीबाई, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन, आजादी के आंदोलन में आदिवासियों का योगदान आदि विषयों रखें गए है।

विद्यार्थी इन विषयों पर आधारित कविता, कहानी, पेंटिंग, मल्टीमीडिया प्रस्तुति देंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी स्कूलों को प्रस्तुति के पूर्व स्कूलों को पोर्टल पर प्रविष्टियां ऑनलाइन जमा करनी होगी। स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाए और 20 सितम्बर तक समय सीमा में पोर्टल में एंट्री होनी चाहिए। छात्रों की ओर से स्कूल प्रविष्टियां जमा करेंगे फिर इन प्रविष्टियों का मूल्यांकन जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। विजेताओं का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा सभी जिला नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्कूल पोर्टल पर 20 सितम्बर तक चार सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां अपलोड करायेगे। सभी स्कूलों को इस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रत्येक श्रेणी में शामिल हुए छात्रों की कविता, कहानी, पेंटिंग, मल्टीमीडिया अपलोड किया जाना है।

20 सितम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर कौशल विकास विभाग द्वारा संकल्प परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 सितम्बर को किया जाना है। जिसमें स्कोप (सोसायटी फॉर कम्युनिटी ऑर्गेनाइजेशन एण्ड पिपल इम्पावरमेंट) संस्था द्वारा लगभग 160 पदों पर अलग-अलग संस्थानों में नियोजन किया जायेगा।

हिंदी दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह का किया सफल आयोजन

रतनपुर प्रेस क्लब-शिक्षा खेल संस्कृति क्षेत्र से जुड़े प्रतिभावान को किया सम्मानित

भारत भास्कर रिपोर्टर/ बिलासपुर :- रतनपुर प्रेस क्लब द्वारा 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, ,जिसके तहत विभिन्न स्कूलों के मेघावी छात्र छात्राओं व नगर का गौरव बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाने व विभूतियों को सम्मानित किया गया।

रतनपुर प्रेस क्लब के द्वारा महामाया भागवत मंच में आयोजित इस कार्यक्रम का यह दूसरा वर्ष था जहां पर रतनपुर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रेणु जोगी और कार्यक्रम की अध्यक्षता न.पा. अध्यक्ष घनश्याम रात्रे ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष कन्हैया यादव, विजय केसरवानी, जीवन मिश्रा,वादिर खान मौजूद रहे।

अतिथियों के द्वारा मां महामाया की चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सभी सदस्यों ने सभी अतिथियों का ससम्मान फूलमाला व पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस बीच मुख्य अतिथि विधायक रेणु योगी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए हिंदी दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम और इस सफल आयोजन के लिए प्रेस क्लब की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी इसके पश्चात नगर के मेधावी छात्र-छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले विभूतियों के सम्मान का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें शा. कन्या उ. मा. विद्यालय की कक्षा 10 वीं में 96.33त्न अंक प्राप्त करने वाली छात्रा पल्लवी रजक जिन्होंने टॉप टेन से मात्र 3 अंक से चूक गई थी, फिर भी जिले में अग्रणी स्थान हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाया। जिन्हें प्रेस क्लब के द्वारा प्रशस्ति पत्र, शील्ड व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, इसके अलावा नगर के विभिन्न स्कूलों में 10वीं व 12वीं में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

वहीं विभिन्न क्षेत्रों में जैसे शिक्षा के क्षेत्र में शिवकुमार छत्रवाणी, शारदा राजपूत कला साहित्य के क्षेत्र में राजेंद्र कुमार वर्मा, रामेश्वर सोनी, खेल प्रोत्साहन में राजेंद्र जगत, वही चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टर विजय चंदेल तथा उन्नत किसान मुख्तार खान, पुलिस विभाग में बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए कृष्ण मार्को, नगर का गौरव सम्मान प्रतिष्ठित व्यवसायी मुन्ना तम्बोली के सुपुत्र अभिषेक तंबोली जिनका डिप्टी कलेक्टर के रूप में चयन होने पर प्रेस क्लब के द्वारा सम्मानित किया गया, व चंद्रयान अभियान का हिस्सा बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक विनोद गुप्ता को भी इस मंच पर सम्मान किया गया। इसके अलावा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी द्वारा नगर के पत्रकारों के हित मे पत्रकार कालोनी के लिए भूमि आबंटित करने न.पा. परिषद में प्रस्ताव लाकर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कही गई जिसमे उनके द्वारा आगे भरपुर सहयोग करने की बात कही।

वही प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष सोनी ने इस आयोजन के बारे मे बताया कि नगर के प्रतिभा सम्मान समारोह का यह द्वितीय वर्ष था यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा, हम अपने प्रेस क्लब के द्वारा नगर के होनहार व मेघावी छात्र छात्राओं के हौसले बुलंद करने के लिए इस मंच के द्वारा उनका उत्साह वर्धन करते हैं।

साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को इस मंच के द्वारा निखारने व सामने लाने का प्रयास किया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी स्कूलों के बच्चों और शिक्षकों का मेल मिला भी होता है उसमें तुलनात्मक दृष्टिकोण से और बेहतर करने की इच्छा जागृत होती है।

इसके अलावा विविध क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाने में जिनकी विशेष भूमिका रही है उन्हें भी इस मंच के द्वारा सम्मानित किया जाता है और आने वाले समय मे प्रेस क्लब द्वारा जनहित व सामाजिक उत्थान के दिशा में और भी अनेक ऐसे कार्य किये जायेंगे। जिससे लोगों को सकारात्मक लाभ हो सके। इस कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश श्रीवास्तव ने किया वही अभार प्रदर्शन प्रेस क्लब के सचिव वासित अली ने किया

प्रेस क्लब के सभी साथी एवं गणमान्य नागरिकों के साथ भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ आयुष्मान कार्ड का वितरण

भारत भास्कर रिपोर्टर/बिलासपुर :- बुधवार को आयुष्मान भव: कार्यक्रम का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा किया गया जिसके तहत विकासखंड मस्तूरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक चलने वाली कार्यक्रम के संबंध में सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य मितानिनों, मितानिनों प्रशिक्षिकाओं एवं ब्लाक समन्वयकों को जानकारी दिया गया । ज्ञात हो कि आयुष्मान भव: कार्यक्रम प्रधानमंत्री का विशेष कार्यक्रम है जिसके तहत ग्राम के प्रत्येक नागरिकों को आयुष्मान कार्ड (हेल्थ कार्ड) बनाने एवं वितरण करने हेतु, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी, पीएचसी एवं एचडब्ल्युसी/एसएचसी) में स्वछता अभियान का आयोजन तथा अंगदान अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को मृत्यु पश्चात अंगदान करने हेतु प्रेरित करने संबंधी कार्यक्रम की जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के

मध्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन के तहत टीबी उन्मुलन, कुष्ठ उन्मुलन, मलेरिया उन्मुलन एवं ग्राम सभा का आयोजन कर उसकी जानकारी पोर्टल के माध्यम से इंद्राज करने जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मस्तूरी सरपंच मायारानी मरकाम, बीएम ओ डा. नंदराज कंवर, भूपेन्द्र देवांगन, संजय मधुकर, राधेश्याम सूर्यवंशी,प्रखर मिश्रा, विकास शुक्ला, अभिलाषा सिंह, के.सी. देवागंन, हीरालाल यादव, सुनीता मधुकर, तरूण श्रीवास, संजय महंत, हरीश प्रजापति उपस्थित रहें।

शास.कन्या उच्च. माध्य.विद्यालय कोटा में विकासखण्ड स्तरीय समावेशी अंतर्गत वातावरण निर्माण प्रशिक्षण सम्पन्न...

भारत भास्कर रिपोर्टर/ बिलासपुर :- 15/09/2023 को समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण में कोटा विकासखण्ड के 19 संकुल के शिक्षक/CWSN बच्चे,पालक सम्मिलित होकर,प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किये आज के प्रशिक्षण में श्री सुदीप जांगड़े, बी आर पी कोटा द्वारा बच्चों को समावेशी शिक्षा एवं गतिविधियों के साथ साथ समस्याओं के निराकरण,यू डाइस मे cwsn बच्चों की एंट्री, दिव्यांगजन छात्रवृत्ति,एवं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न समावेशी शिक्षा अंतर्गत सुविधा, RPWD ACT 2016,21 प्रकार दिव्यांगता के प्रकार,पहचान,दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने की कवायद,नई शिक्षा नीति एवं समावेशी शिक्षा की अवधारणा पर प्रशिक्षण दिया गया, विजय टांडे BEO कोटा व प्रमोद शुक्ला BRCC कोटा द्वारा समावेशी शिक्षा के साथ शिक्षा गुणवत्ता पर भी चर्चा की गई,आदरणीय BEO, BRCC सर के द्वारा ष्2ह्यठ्ठ बच्चो को सहायक सामग्री टीचिंग लर्निंग मटेरियल का वितरण किया गया।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर सुदीप जांगड़े बीआरपी,भूपेंद्र चंद्राकर स्पेशल एजुकेटर,प्रशिक्षण प्रभारी हुकुम चंद पटेल,राजकुमार कोरी संकूल समन्वयक मणिकांत मिश्रा, भूपेंद्र पाण्डेय,कु.रेशमी जगत व कोटा विकासखण्ड के 19 संकुल के शिक्षक,पालक,cwsn बच्चे उपास्थित रहे।

सकरी के छात्र छत्तीसगढ़ का करेंगे नेतृत्व

कबड्डी स्पर्धा में सकरी सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने दिखाया जौहर

भारत भास्कर रिपोर्टर/ बिलासपुर:- विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के योजना अंतर्गत आयोजित क्रीड़ा स्पर्धा में सरस्वती शिशु मंदिर सकरी के छात्रों ने बाल वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में अपने विद्यालय का नेतृत्व करते हुए जिला/ संभाग/ क्षेत्र स्तर पर आयोजित स्पर्धा में विजेता बनकर छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करेंगे 7 यहां के तरुण वर्ग के भैया कबड्डी स्पर्धा में उपविजेता रहे। तरुण वर्ग के खिलाड़ी ऋषभ कैवर्त का चयन भी प्रदेश स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के क्रीड़ा प्रमुख आचार्य प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में छात्र निखिल कौशिक, बलराम कर्ष, आर्यन यादव, कान्हा यादव, युसूफकर्रे ,शुभम यादव,सौरभ श्रीवास,साहिल यादव,भावेश यादव बाल वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। बागबाहरा में क्षेत्र स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर सकरी के छात्र विजेता रहकर पुरस्कार प्राप्त किए ये खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करने प्रांत स्तर प्रतियोगिता में भाग लेने 28 सितंबर को मध्य प्रदेश के बैतूल जिला जायेंगे। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष धर्मेश दुबे व्यवस्थापक डॉक्टर प्रकाश पाण्डेय ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

नया रेंज रोवर वेलार : 94.3 लाख रुपये (एक्स शोरूम) कीमत पर लॉन्च, आपकी पसंद पर अतिरिक्त आइटम

रायपुर। जेएलआर इंडिया ने आधिकारिक तौर पर भारत में नई और कई नए फीचर्स से युक्त रेंज रोवर वेलार को लॉन्च कर दिया है। रेंज रोवर वेलार आधुनिक समय के लग्जरी की बेहतरीन अभिव्यक्ति है, जो कई नई लेटेस्ट तकनीक, रेंज रोवर की पहचान रही उत्कृष्टता और बेहद आकर्षक व रिडक्टिव नई डिजाइन से लैस है। नई रेंज रोवर वेलार दो पावरट्रेन विकल्पों के साथ डायनैमिक एचएसई (।स्श्व) में उपलब्ध है। 2.0 लीटर पेट्रोल इंजन वाला विकल्प, जो 184 किलोवाट की शक्ति और 365 एनएम टॉर्क प्रदान करता है, वहीं दूसरा विकल्प 2.0 लीटर इंजीनियम डीजल इंजन है, जो 150 किलोवाट की शक्ति और 430 एनएम (ह्ल्ल) टॉर्क प्रदान करता है।

जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक, राजन अंबा ने कहा: नई रेंज रोवर वेलार भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उत्कृष्टता के साथ तैयार की गई कार है, जो इसे दिलचस्प और मनचाहा दोनों ही बनाता है। इसे हमारे समझदार ग्राहकों के बदलते मिजाज के लिहाज से बारीकी से तैयार किया गया है, जो भारत में लक्जरी यात्रा के स्तर को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नई रेंज रोवर वेलार एक बेमिसाल सुंदरता और रोमांचक मौजूदगी के साथ स्वाभाविक उत्कृष्टता का प्रतीक है। इसकी नवीनतम तकनीक और रिडक्टिव डिजाइन आधुनिक लक्जरी पर हमारे लक्ष्य के मुताबिक है। रेंज रोवर वेलार अपडेटेड एक्सटीरियर और नए इंटीरियर के साथ ब्रांड के रिडक्टिव डिजाइन में अग्रणी है। डिजाइन में एक नई ग्रिल है, जो विशिष्ट फ्लोटिंग छत, अनब्रोकेन वेस्टलाइन और फ्लश डोर हैंडल के साथ है।

अंदर में तकनीक की पूरी श्रृंखला यात्री के आराम और सेहत का ख्याल रखता है, जिससे मध्यम आकार की लक्जरी एसयूवी आराम तलब उपभोक्ताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन जाती है।

स्वीप के तहत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन 16 से

बाएं हाथ में स्वीप, दाएं हाथ में क्रिएटिविटी की मेंहदी रचाकर जीतें आकर्षक पुरस्कार

बिलासपुर :- 15 सितम्बर 2023 को आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हरितालिका तीज पर्व को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता के लिए एक मेंहदी स्वीप की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें महिला मतदाताओं को केंद्र में रखकर एक मेंहदी स्वीप की शीर्षक से मेहंदी लगाकर मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 16 से 19 सितम्बर 2023 तक होगी।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करने के दृष्टिकोण से बाएं हथेली पर स्वीप बिलासपुर लिखकर मेंहदी लगाने और दाहिने हथेली पर अन्य रचनात्मक आकृति बनाकर मेंहदी लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी करने वाली महिलाओं एवं युवतियों को मेंहदी लगाकर व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से फोटो लेकर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये

व्हाट्सअप नंबर पर भेजना होगा। इन प्राप्त फोटोग्राफ्स में से सर्वश्रेष्ठ 20-20 प्रविष्टियों को व्यक्तिगत व सामूहिक श्रेणी में जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया में शेयर किये गए सर्वश्रेष्ठ 10 प्रविष्टियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। रिल्स तैयार कर शेयर करने वाले सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों को भी पृथक से पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे। प्रतिभागियों को व्हाट्सअप नंबर 70005-44033 पर फोटो शेयर करना होगा। सोशल मीडिया पर फोटोग्राफ्स शेयर करने के दौरान प्रतिभागियों को भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़, जिला प्रशासन बिलासपुर के अधिकारिक पेजों @CEOChhattisgarh @ECISVEEP @BilaspurDist पर टैग करना एवं निर्धारित हैश टैग #ECISVEEP #ChunaiTihar #v®®PercentBilaspur के साथ शेयर करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में 19 सितम्बर तक उपलब्ध और शेयर किये गये फोटोग्राफ्स ही मान्य होंगे। जागरूकता कार्यक्रम हेतु नवाचार करने वाली निजी, गैर शासकीय संस्था अथवा संगठनों के सर्वश्रेष्ठ तीन प्रयासों को चिन्हांकित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

पांडेय जी और दयाल बाबू की दुनिया

व्यंग्य

लालित्य ललित

हुआ यह कि पांडेय जी एक सरकारी विभाग में बड़े बाबू है,डिपार्टमेंट है बिजली का,कभी कोई लोड बड़ाने के लिए आता है,घटाने को एक भी बंदा नहीं मिलता लाख ढूढने से भी।

आज सुबह विलायती राम पांडेय ने मन बना लिया था कि दफ़्तर के पास बनी डिस्पेंसरी में ही जाएंगे।मन बना लिया और गाड़ी को चुपचाप निकाल लिया।उससे पहले सुबह के चक्कर में वापसी का दूध बिना सैर किए ले आए।

अब वे थे और खुली सड़क।मो रफी के गाने रास्ते को सुगम बना रहे थे,अगर देविका गजोधर होती तो लंबी दूरी का रास्ता भी नजदीक जान पड़ता।

बहरहाल पांडेय जी जैसे ही डिस्पेंसरी पहुंचे।सामने दयाल बाबू थे,ऐसे खिल गए जैसे सुदामा ने भगवान श्री कृष्ण का दर्शन कर लिया हो।एक महिला भी खड़ी थी,एक बार तो मन में विद्रोह हुआ,दयाल बाबू के साथ यह अवैध तार कैसे! लेकिन जल्द उन्होंने खुलासा कर दिया।

आइए आइए पांडेय जी आपका नम्बर लगा रखा है,पहले मेरा और दूसरा आपका।

पांडेय जी मामला भांप गए,झट कहा धन्यवाद।मैं पेट्रोल पंप पर रुक गया था,उसने आपको नमस्ते भिजवाया है कालीचरण गोडबोले ने।

अच्छा! अब दयाल बाबू का माइग्रेन छलांगे मारने को सन्नी देयोल की फिल्म बेताब की माफिक उछलने लगा था,पर ऐसा कुछ नहीं हुआ।

कुछ देर में गेट खुला और दयाल बाबू ने बाधा पार करते हुए प्रवेश खिड़की पर जा पहुंचे।उनकी हैरतंगेज छलांग देख एक बार पांडेय जी भी सकपकाए, कि अगर इस उम्र में गिर गिरा गए तो हड्डी रोग विशेषज्ञ की सहायता लेनी पड़ेगी।

बहरहाल कुछ विशेष नहीं हुआ।

चूंकि पांडेय जी सुबह निकल गए थे,इसलिए सृजन से वंचित हुए।लेकिन उनके दिमाग में चाय बनने और बनाने की प्लानिग चल रही थीं।

लीजिए मुलायजा फरमाए।

सरकारी डिस्पेंसरी का स्वागत कक्ष / लालित्य ललित

आप की डिस्पेंसरी घर से दूर है

आप उठे और दौड़ पड़े

सड़कें खाली और आप का मन दौड़ रहा है

कुछ देर बाद आप है और आपके सामने पंजीकरण की खिड़की

खिड़की खुली है

एसी चल रहा है

क्लर्क जब तक काम नहीं करेगा

जब तक सफाई वाला टेबल साफ नहीं करेगा

कागज के नंबर नहीं तैयार होंगे

अब लाइन लंबी हुई

डॉक्टर का कुछ अता पता नहीं

आप अब कमरे के बाहर है

डॉक्टर अंदर है

वह पूछ रही है नाम बताओ

पेशेंट अपने बारे में बता रहा है

कि सर दर्द रहता है कभी कभी बैचेनी होती है

पढ़ने का काम रहता है मेरा

डॉक्टर ट्रैफिक में थीं कुछ परेशान भी

उसने कहा

आपको कार्डियक की भी शिकायत है

बल्ड परेशर की भी दिक्कत आपके चेहरे पर दिख रही है

पर्चा बना दिया है

आप चेक अप करवा लीजिए

और सुनिए

नेक्स्ट!

पहला वाला पेशेंट अपनी कथा बांच रहा था

पीछे खड़े किसी को भी अखंड कथा सुनने का मन नहीं था

हरि कथा कथा अनंता वाली बात हुई

अब कुछ और सोचते कि पांडेय जी कि अलबेली ने आकर कहा पांडेय जी टमाटर सस्ते हो गए, पांडेय जी ने कहा तो क्या करूं!इससे क्या होगा!! क्या फिर से जुबान पर स्वाद लौट आएगा! भीये हम जरा खानदानी टाइप है और हमारी जुबान पर स्वाद को आने के लिए भी सौ बार सोचना पड़ता है,अगर विश्वास नहीं तो राधेलाल से पूछ लो! अंतर्मन कुमार ने कहा क्या गजब करते हैं आप! राधेलाल को राम लुभाया से पूछना पड़ेगा,मामला संकट का हो जाएगा।

राम लुभाया कहेंगे,पहले क्यों नहीं पूछा,अच्छा पूछ भी रहे हो तो ऐसे पुष्टि कर लें पहले आप, कि राम लुभाया जी सब्जी में टमाटर का सेवन करना पसंद करेंगे अथवा नहीं! तो मैं विचार करूंगा और जब तक किसी नतीजे पर नहीं जाऊंगा तो टमाटर पर निर्णायक निर्णय कैसे के पाऊंगा! जरा सोचिए।

बात सही थीं।

पांडेय जी ने सोचा,मामला गंभीर है जिसे लेने पर समय तो लगेगा ही,हो सकता है वाक युद्ध भी न छिड़ जाएं। कसम पेलू राम पानवाड़िए की जो काम बन जाए वह ठीक और जिसे नहीं बनना हो तो उसका क्या कीजिएगा!

हरि राम की जय।अब यहां हरिराम कौन!

हरिराम राम खेलावन का गुरग्राम वाले घर का नया किराएदार।यह वह बंदा है जिसने पिछले छह महीने से किराया नहीं दिया, फुलमतिया ने राम खेलावन का माइग्रेन बड़ा दिया है,बेघर राम खेलावन घर से नहीं हुआ,विचारों से हुआ।बहरहाल आगे चलते है।

पांडेय जी के घर में रामप्यारी ने सफेदी शुरू करवा रखी है,सफेदी वाले भूत से कम नहीं होते, एक बार घर में घुस जाते है तो निकलने में समय लेते है,पर साहब हर कार्यक्रम की एक सीमा होती है,जब कोई भी समय निर्धारित किया जाता है तो वह खतम हो कर ही मानता है,बात आयोजन की हो या आयोजक के पेशेंस की,समझ जाइएगा,आपके लिए इशारा ही काफी है।

इधर फलाने जी दुबई निकलने वाले है तो महाकवि नाराज हो गए कि हमें तो कहा ही नहीं,लगे हाथ चल देते ,पैसे की कोई कमी नहीं।लेकिन फलाने जी इस बार मंडली को गच्चा देने के मूड में थे।

पांडेय जी ने सोचा,आज के जमाने में हर आदमी अपना स्पेस चाहता है कोई चांद पर पहुंच रहा है तो कोई देशी पी कर बिखरा पड़ा है,सारा खेल सेवन का है,यदि आप अच्छी वाली बोतल का सेवन करेंगे तो लंबी आयु को प्राप्त होंगे,अन्यथा कोरोणा काल का

हाल तो आप सभी ने देखा ही है।

सोचते हुए पांडेय जी विचारों में खो गए,खोना उन्हें पसंद है,और वैसे भी खोए की मिठाई वाकई स्वादिष्ट बनती है।

पार्क में बैठे हुए पांडेय जी ने सोचा कि बल्ड सेंपल की जांच का पिरोगराम कैंसिल करते है,रामप्यारी की खुशी के लिए।पहले पहल पांडेय जी गुस्सा हुए,पर साहब उनका गुस्सा जरा आंशिक टाइप का होता है, इधर सेंपल खून का कैंसिल हुआ उधर रामप्यारी ने मूंग दाल का हलवा काजू किशमिश के साथ प्रस्तुत किया, पांडेय जी भी खुश, कि ऐसी की तैसी हो मधुमेह की और उच्च रक्त चाप की,वैसे भी सोया चाप बनती भी शानदार है और मधुमेह का नाम सुनते ही उन्हें लपकुराम की महिला मित्र मधु याद आ गई,वैसे भी गर्ल फ्रेंड किसी को भी किसी भी उम्र में स्मरण आ जाएं तो बिना पिए भी तीन पैग का नशा होना आम बात है, पांडेय जी कहते भी है की शराब का सेवन गलत बात है,इसलिए कभी कभी जौ का पानी पीने से पीछे नहीं हटते,क्या करें ! सबको जीने का और मस्त रहने का मौलिक अधिकार हमारे संविधान में जो मिला हुआ है,समझें भाई साहब।

जय राम जी की,प्रभु का जितना सुमिरन किया जाएं उतना कम है,इसलिए जब भी समय मिलें,अपने धर्मों के अनुसार प्रभु का सम्मान करना चाहिए, उससे दो फायदे होते है,भगवान भी खुश और आंतरिक संवेदनाएं भी प्रसन्न रहती है।

बात तो पते की है,लेकिन आज लल्लू भइया और असंतुष्ट कुमार ऑफिस आएं नहीं, लल्लू भईया को पेचिस ने बुरा हाल कर रखा था और असंतुष्ट कुमार के सर में दर्द, पांडेय जी ने कहा भी कि भइया खुली हवा में सैर किया करो,प्रेमिका समझ कर, पांडेय जी ने अपना अनुभव बताया।

जब से पांडेय जी सैर पर जाने लगे है तब से मन सुबह यह कहता है कि उठो,जागो और चले आओ सुबह सुबह,जहां आक्सीजन भी निशुल्क है और ताजा दम भी,बात तो सही कहते है अपने होनहार पांडेय जी।

जिंदगी में यदि प्रेम नहीं तो मन अनेक तरह की अवधारणाओं में बीतता है,जैसे धौलपुर वाले दूर के फूफा चमरू भैया का,जब देखो सोशल मीडिया में अपने बचपन की तस्वीर लगाएं पगलाए रहते हैं।एक बात तो पांडेय जी ने कह भी दिया,

फूफा ऐसी हरकतें मत किया करो,कभी कोई छमिया किसी चक्कर में आ गई,तो कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे।

पर साहब फूफा कहां मानने वाले थे,

वह तो अच्छा हुआ कि जब राधेलाल ने अपना एक रोचक किस्सा बताया कि जो लपकुराम का था, कि एक महिला के प्रेम प्रसंग में फंस गए तो कैसे राधेलाल ने बचाया।

बात फूफा को समझ आ गई नहीं तो अपने खाते से पेंशन तक ट्रांसफर करने वाले थे।

क्या इश्क और क्या है इश्क का मुरब्बा!

जिसने प्रेम किया,यह मुसीबत के प्रपंच और उसकी किस्से कहानियां वही समझ सकता है।

बहरहाल यह कहानी जरा टेढ़ी सी है क्यों न देविका गजोधर से मिला जाएं।

पांडेय जी ने देविका को फोन लगाया और मिलने प्रेस कल्ब में चले गए; यह उनकी खास मुलाकात थीं जिसमें भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा लाजिमी थीं।

जब कि राधेलाल और रामखेलावन बड़े चिंतित थे कि आखिर यह कौन सी बैठक है जिसमें उनको शामिल नहीं किया गया,जबकि महाकवि और फलाने जी ने उन्हें कहा काहे चिंता करते हो!

अब देखिए दिल्ली में जी 20 की बैठक हो गई,क्या आपको बुलाया! नहीं बुलाया न! तो काहे चिंता करते हो!

अब जब पांडेय जी कोई सेटिंग को आकार देने में लगे है तो उन्हें उनके टाइप का मनन करने दीजिए,अपन भी अलग से बैठकी करते है,विदेश से आया विशेष पेय टेबल पर सुसज्जित हो गया,चखना भी और देर रात तक चिंतन शिविर में नए नए प्रस्तावों पर विमर्श होता रहा।

क्या निष्कर्ष हुआ,यह कोई नहीं जानता।

लेकिन पांडेय जी की बैठक लॉन्ग ड्राइव पर आरंभ हुई और ब्रेक फास्ट पर संपन्न हुई।

लगाए रहो अटकलें,क्या फरक पड़ता है! जिसे पड़ता हो,पड़ें,अपन को क्या!

जय राम जी की।

पांडेय जी सोचने लगे कि मनुष्य सोचता क्या है और क्यों सोचता है!

आखिर क्या मिलेगा! सोच कर!!

गीता सार में भी लिखा है क्या लाए थे! क्या ले जाओगे!

सब कुछ यहां धरा का धरा रह जाएगा!

इसलिए पांडेय जी का मंतव्य यह कहता है कि जियो तो राजा बाबू की तरह लपकुराम की तरह नहीं!

और मरने के बाद भी लोग आपको अच्छी तबीयत से याद करें,यह न कि चार उच्चारण वाले वाक्य जो असंवैधानिक भाषा के अंतर्गत आते है,उससे याद करें।

तभी लल्लू भीया ने कहा क्या पांडेय जी,चाय नहीं पिलाओगे क्या! पांडेय जी ने कहा हमारी भेसिया जी 20 के बाद खो गई है,दरियागंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है,क्या पता कब मिलें।

बहरहाल लल्लू भाया ने कहा कोई बात नहीं हमने कैंटीन में पोहा और ब्रेड पकोड़ा बोल दिया है,पांडेय जी के चेहरे पर रौनक लौट आई जब असंतुष्ट कुमार ने आकर कहा कि शनिवार को शाम फ्री रखना,एक जगह हरमोनियम बजाने का काम मिला; पांडेय जी ने कहा कि अच्छी बात है,काम कोई छोटा बड़ा नहीं होता,काम तो काम होता है। पांडेय जी ने भी शाम को पहुंचने की सहमति दे दी,आखिर हरमोनियम भी सुना जाएगा और चाट पकौड़ी का स्वाद भी उद्रस्त किया जाएगा।जीवन में बानगी जीवंत हो तो फिर कहना ही क्या!

हरि ओम,हरि कथा अनंता।

संपादकीय

हितों का मेल है

बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात ने इस बात की पुष्टि की कि भारत और अमेरिका में आपसी हितों का मेल पुख्ता शक्ल ले चुका है। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। ड्रोन सौदे से लेकर अमेरिकी नौसेना के जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर 'मरम्मत' की सेवा देने के लिए हुए समझौते अमली जामा पहन चुके हैं। इस रूप में कहा जा सकता है कि भारत अब अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। यह खबर भी गौरतलब है कि अमेरिका के भारत से यह पूछने के बाद कि ताइवान पर चीनी हमला होने पर वह उस युद्ध में कैसी भूमिका निभाएगा, भारतीय सेना ने अपनी संभावित भूमिका की पड़ताल के लिए एक समिति का गठन किया है। जब भारत ने भू-राजनीतिक मामलों ने यह भूमिका अपनाई है, तो इस बात को समझा जा सकता है कि बाइडेन प्रशासन क्यों भारत- खासकर प्रधानमंत्री मोदी को खुश रखने के लिए उतावला है। उतावलापन इस हद तक है कि अपने राष्ट्रपति की विदेशी नेताओं से होने वाली वार्ता के बाद प्रश्न पूछने की अमेरिकी पत्रकारों की परंपरा को ताक पर रखने के लिए उसने तमाम तर्क ढूंढे। उधर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पत्रकारों से कहा कि वे यहां किसी देश में नागरिक स्वतंत्रता की स्थिति का स्कोर कार्ड दिखाने नहीं आए हैं। निहितार्थ यह कि अपने भू-राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने की जुगत में अमेरिका ने खुद ही यह जग-जाहिर कर दिया है कि लोकतंत्र एवं मानव अधिकार जैसे मुद्दे उसके लिए रणनीतिक हथियार हैं, यह कोई निष्ठा की बात नहीं है। उधर अमेरिका की मौजूदा जरूरत को मोदी ने बेहतर ढंग से भांप रखा है और घरेलू राजनीति में अपना हित साधने के लिए उसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं।

जो बीता उसे अमेरिका व वियतनाम दोनों ने भुलाया!

श्रुति व्यास

जो बाइडन नए रिश्ते बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए क्योंकि वे अपने कार्यकाल के उस दौर में हैं जिसमें वैश्विक मुद्दे ज्यादा महत्वपूर्ण बन गए हैं। हाल के महीनों में उन्होंने आस्ट्रेलिया, भारत और फिलिपींस के साथ सहयोग बढ़ाया है और वे कैम्प डेविड में जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं को एकसाथ बिठाकर त्रिपक्षीय-समझौता करवाने में सफल रहे है, जो वाशिंगटन अब तक नहीं कर पाया था। इसी अभियान के तहत अमरीकी राष्ट्रपति जी-20 के सफल और कम चुनौतीपूर्ण सम्मेलन में भाग लेने के बाद वियतनाम के लिए उड़ गए। वे दिल्ली छोड़ने वाले पहले विश्व नेता थे। बाइडन ऐसे पांचवे अमरीकी राष्ट्रपति हैं जो एक समय अमरीका के प्रबल शत्रु रहे वियतनाम गए। जो बीत गया उसे भुलाना अमेरिका के लिए जरूरी है ताकि आज की चिंता को दूर हो सके। और आज की चिंता क्या है? चीन की एसिया-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती महत्वाकांक्षाएं। नि:संदेह अमेरिका की तुलना में वियतनाम की कही ज्यादा समानता, याराना रूस और चीन से है। वह चीन की छत्रछाया में समृद्ध हुआ है। युद्ध के बाद अलग-थलग पड़े वियतनाम के इंफ्रास्ट्रक्तर के पुनर्निर्माण, सड़कें और जलमार्ग तैयार करने और कृषि के क्षेत्र में विकास में चीन ने बहुत मदद की। यही कारण है कि कुछ साल पहले तक बहुत से वियतनामी चीन को अमेरिका की तुलना में अपने ज्यादा निकट पाते थे। लेकिन अब वियतनाम आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से काफी विकसित है। साथ ही वह रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन गया है। ऐसा माना जाता है कि ताईवान के बाद संभवत: वियतनाम ही वह देश है जिसे मार्क्सवाद से दूर हटते चीन से सबसे ज्यादा खतरा है। बीजिंग लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी सार्वभौमिकता का दावा करता है, जिनमें वियतनाम के नियंत्रण वाले वे द्वीप भी शामिल हैं जिन्हें वियतनाम अपना मानता है। इसके साथ ही वियतनाम के लगभग पूरे एक्सक्लूसिव इकनोमिक जोन पर चीन की नज़र है। इससे वियतनाम के मछुआरों और ऑफशोर गैस व तेल उत्पादन क्षेत्रों के साथ-साथ ही उसकी आजादी और भूमि को भी खतरा है। यही कारण है कि वियतनाम को अमेरिका से रिश्ते बेहतर करने की जरूरत महसूस हो रही है।

लगभग एक दशक से दोनों देशों के संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' कहकर परिभाषित किया जाता रहा है। लेकिन जो बाइडन तथा वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फुन ट्रिंग की मुलाकात के साथ दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को वियतनाम के सर्वोच्च कूटनीतिक पायदान पर पहुंचा बतला रहे है। यह दर्जा अभी तक केवल चीन, रूस, भारत व दक्षिण कोरिया के साथ था। अब अमेरिका को भी वियतनाम ने अपना व्यापक रणनीतिक साझेदार घोषित किया है। जाहिर है यह दोनों देशों के लिए फायदे का सौदा है। जो बाइडन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं और वियतनाम को दक्षिण चीन सागर में चीन के विस्तारवाद के मुकाबले में सहयोग एवं संरक्षण की जरूरत है। हालांकि वियतनाम दक्षिण पूर्व एशिया के उन चन्द देशों में से एक है जिन्होंने चीन की दादागिरी का विरोध किया है। अब वह चीन से थोड़ी ज्यादा दूरी रखना चाहता है। वह अपने मन की करने की अधिक आज़ादी भी मांग रहा है। बाइडन प्रशासन के अधिकारियों की यह अपेक्षा नहीं है कि वियतनाम चीन से सहयोग पूरी तरह समाप्त कर दे किंतु वे अमेरिका के रूप में भविष्य में उसे एक विकल्प उपलब्ध करवाना चाहते हैं। यह सब चीन को रास नहीं आ रहा है। बाइडन की यात्रा के कुछ दिन पहले चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने अमेरिका से कहा था कि वह एशियाई देशों के संबंध में शीतयुद्ध के समय की और जीरो सम गेम (केवल एक पक्ष के लिए फायदेमंद सौदा) की मानसिकता त्यागे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वाशिंगटन अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मानदंडों का पालन करे। किंतु राष्ट्रपति बाइडन ने किसी भी प्रकार का शत्रुतापूर्ण रवैया न होने का दावा किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नए शीत युद्ध की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहाँ, मेरा चीन की राह में रोड़े डालने का कोई इरादा नहीं है। मैं केवल यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि चीन से हमारे संबंध ईमानदारी पर आधारित हों और सबको यह पता रहे कि क्या हो रहा है। बाइडन के साथ हुए नए समझौते के बावजूद चीन वियतनाम का सबसे बड़ा साझेदार देश बना रहेगा। चीन ने साफ संकेत दिए हैं कि उसका पीछे हटकर अमेरिका को अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका देने का कोई इरादा नहीं है। इसी तरह बाइडन प्रशासन को यह डर भी है कि वियतनाम रूस के निकट बना रहेगा, जो सोवियत संघ के काल से उसका ऐतिहासिक संरक्षक रहा है। वियतनाम की सेना के ज्यादातर हथियार और अन्य सामग्री रूसी है, और उसके पास हथियार, अन्य सामग्री और कलपुर्जे मास्को से खरीदने के अलावा ज्यादा विकल्प भी नहीं हैं। लेकिन वियतनाम धीरे-धीरे रूस पर निर्भरता कम करने की कोशिश में है।

जी-20 का डंका बजता रहेगा

अजीत द्विवेदी

जी-20 का शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया है लेकिन उसका डंका बजना अभी जारी रहेगा। अभी तक भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने और उसके आयोजन की तैयारियों को लेकर जय-जयकार हो रही थी लेकिन अब सफल आयोजन का डंका बजेगा। दुनिया भर के देशों के नेता दिल्ली से लौटते लौटते भारत के आयोजन की तारीफ करके गए हैं। जी-20 के नए अध्यक्ष ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लूला डी सिल्वा ने तो यहां तक कहा कि उनका देश भारत की तरह ही आयोजन करने की भरपूर कोशिश करेगा। आयोजन की भव्यता के साथ साथ इसकी सफलता को लेकर भी बहुत चर्चा हुई है। नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति की तारीफ अलग अलग तरह से सभी देशों ने की। इस घोषणापत्र को रूस ने अपनी जीत बताया तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूरोप की जीत बताया। भारतीय मीडिया में इस बात का भरपूर प्रचार हुआ कि भारत ने 37 पन्नों और 83 पैराग्राफ के नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनवाई। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि इसकी तारीफ रूस भी कर रहा है और यूरोप भी। सारी दुनिया भारत के नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ कर रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यह कह कर भारत का मान और बढ़ा दिया कि सही समय पर सही देश को जी-20 का नेतृत्व मिला। इस तरह जी-20 की कूटनीति के बाद अब इसके राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मैदान सज गया है।

ऐसा नहीं है कि पहले इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो रहा था। जब से भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली तभी से इसका इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वगुरू की छवि बनाने के लिए किया जाने लगा था। उसके बाद एक सच्चे और बड़े इवेंट के आयोजक की तरह प्रधानमंत्री ने इसका विस्तार बहुत व्यापक कर दिया। पिछले साल दिसंबर में भारत को इसकी अध्यक्षता मिली थी उसके बाद नौ महीने में देश के 60 शहरों में जी-20 से जुड़ी 220 से ज्यादा बैठकें हुईं। इन बैठकों में दुनिया के अलग अलग देशों के 25 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। ब्राजील में सिर्फ पांच शहरों में बैठकें होंगी। भारत में पर्यटन से लेकर खाद्य सुरक्षा और लघु व छोटे उद्योगों से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र के बारे में विचार किया गया और उसका रोडमैप तैयार किया गया। अफ्रीकी संघ के 55 देशों की इसमें बड़ी भागीदारी रही और जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन अफ्रीकी संघ को जी-20 का हिस्सा बनाने का ऐलान हुआ। भारत को इसका श्रेय मिला कि उसने वसुधैव कुटुम्बम और अपने समावेशी विकास के सिद्धांत पर चलते हुए अफ्रीका को इस विकसित देशों के समूह का हिस्सा बनवाया।

आमतौर पर वित्त और विदेश नीति से देश की आम जनता को कोई खास मतलब नहीं होता है। तभी 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के बावजूद बजट से लोगों को इतना ही मतलब होता है कि क्या महंगा हुआ और क्या सस्ता और कूटनीति से सिर्फ इतना सरोकार होता है कि पाकिस्तान को भारत ने ठीक कर दिया, पाकिस्तान जाकर क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, उनके यहां आना-जाना बंद कर दिया है आदि। थोड़े पढ़े लिखे लोगों का सरोकार इतना होता है कि अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, कनाडा आदि का वीजा मिल जाए। यह पहला मौका था, जब सरकार ने जी-20 के बहाने कूटनीति को पढ़े-लिखे, सम्भ्रांत शहरी वर्ग के ड्राइंग रूम से निकाल कर गांव-कस्बों के चौपाल और चाय की दुकान तक पहुंचा दिया। पिछले नौ महीने से हर व्यक्ति जी-20 के बारे में बात करता हुआ था। उसे इसका एजेंडा भले न मालूम हो लेकिन यह पता चल गया था कि भारत में बहुत बड़ा आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनिया की सारी महाशक्तियों के नेता नई दिल्ली में जुट रहे हैं। सरकार, भाजपा और आरएसएस के प्रचार तंत्र से उनको यह भी पता चल गया था कि मोदी हैं तभी ऐसा हो रहा है। देश की ज्यादातर आबादी अब भी यही मान रही है कि पहली बार इस तरह का आयोजन भारत में हुआ है।

बची खुची कसर आयोजन के तीन दिन यानी आठ और दस सितंबर की कवरेज ने पूरी कर दी। दुनिया के महाबली देशों के विमानों का हवाईअड्डे पर उतरना, नेताओं का भारत मंडपम में पहुंचना, मोदी का उन्हें गले लगाना, दुनिया की महाशक्तियों के बीच बैठे मोदी का गैवल यानी हथौड़ा पीटना और राजघाट पर एक साथ 20 से ज्यादा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों का नेतृत्व करते हुए उन्हें महात्मा गांधी की समाधि पर ले जाना, इन सबसे बेहद पावरफुल तस्वीर बनी। भूख, बेरोजगारी, गरीबी अपनी जगह है और गर्व अपनी जगह है। राष्ट्र का सम्मान, तिरंगे का गौरव आदि ऐसी भावनाएं हैं, जो नागरिकों को अपने जीवन की तमाम असुविधाओं और परेशानी से आगे ले जाती हैं। इस आयोजन के बाद यह कहते हुए बहुत से लोग मिल जाएंगे कि 'कुछ भी हो मोदी ने कमाल कर दिया'। यह धारणा अपने आप भाजपा और नरेंद्र मोदी का चुनावी स्टॉक ऊंचा करने वाली है। इसके बाद जो प्रचार होगा उससे रही सही कसर और पूरी हो जाएगी।

प्रचार की शुरुआत भी हो गई है। शिखर सम्मेलन समाप्त होने के तुरंत बाद सरकार के मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कमान संभाली। दोनों ने शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मोदी को बधाई दी। इस आयोजन के लिए भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले ही दिन ऐलान कर दिया कि भारत का नेतृत्व दुनिया में घोषित हो गया। अखबारों में यह लिखा जाने लगा कि जी-20 का सफल आयोजन भारत के लिए वही लम्हा है, जो 2008 में बीजिंग ओलंपिक का आयोजन चीन के लिए था। यानी जिस तरह से बीजिंग ओलंपिक के आयोजन के बाद चीन महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ा उसी तरह भारत जी-20 के आयोजन के बाद बढ़ेगा। इस आयोजन के बाद दो और आयोजन की घोषणा हो चुकी है। पहले 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार होगी, उनका अभिनंदन होगा। फिर मोदी ने नवंबर में जी-20 के एक वर्चुअल सम्मेलन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें नई दिल्ली घोषणापत्र के प्रस्तावों पर अमल की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी चाहेंगे कि दिल्ली सम्मेलन की चर्चा होती रहे। इस बीच 'यह समय युद्ध का नहीं है' के अपने जुमले के लिए मोदी नोबल पुरस्कार के लिए नामित होते हैं तो उसकी अलग चर्चा होगी।

अगर जी-20 के एजेंडे को देखें और इसके प्रस्ताव पर नजर डालें तब भी सब कुछ अच्छा अच्छा दिखेगा। इसमें बार बार वसुधैव कुटुम्बकम की बात है, समावेशी विकास की बात है, लैंगिक समानता व सभी महिलाओं को सशक्त बनाने की चर्चा है, भविष्य के लिए हरित विकास की बात है, टिकाऊ विकास और डिजिटल डिवाइड को दूर करने की बात है, बहुपक्षीय संस्थानों के निर्माण पर जोर है और दुनिया के देशों के बीच एकता बनाने की बात है। 'वन अर्थ, वन फैमिल, वन फ्यूचर' का संदेश है। नई दिल्ली घोषणपत्र में 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल नहीं हुआ लेकिन पहले इसकी इतनी चर्चा हो चुकी है कि भाजपा के तमाम नेता भारत को 'ग्लोबल साउथ' की सबसे प्रमुख आवाज के तौर पर उभरने का दावा कर रहे हैं। अगले दो महीने में होने वाले राज्यों के चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए यह प्रचार का मुख्य एजेंडा होगा कि भारत ने नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति बना कर असंभव को संभव बनाया, 55 देशों के अफ्रीकी संघ को जी-20 का सदस्य बनाया, जिसके बाद इसक नाम जी-21 हो गया और 'ग्लोबल साउथ' की प्रमुख आवाज बन कर उभरा। हैरानी नहीं होगी अगर भाजपा के घोषणापत्र में नई दिल्ली घोषणापत्र की चीजें शामिल हों।

सार-समाचार

कलेक्टर ने ली बीएलओ की समीक्षा बैठक

नन्दू यादव

सूरजपुर भारत भास्कर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज जरही में पहुचें थे। जहां उन्होंने बीएलओ की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया और संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किये गये सफ़ल कार्य के लिये उनकी तारीफ़ भी की। उन्होंने कहा मतदान केंद्र के संबंध में बीएलओ तथा सुपरवाइजर को विस्तार से जानकारी होती है इसलिए मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा को भी अच्छे से देखें और अगर कहीं कुछ कमी हो तो तुरंत अवगत कराएं। इसके साथ ही स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जरही मे कलेक्टर द्वारा जनमानस को जागरूक भी किया गया, उनके मताधिकार के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई और शत प्रतिशत मतदान के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत अथवा स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची सें विलोपित करने तथा मतदाता सूची में त्रुटि होने पर उसे संशोधित करने का कार्य सभी बीएलओ द्वारा 11 सितम्बर तक किया गया। बीएलओ द्वारा मतदाताओं के भरे फॉर्म 06, फॉर्म 07 एवं फॉर्म 08 गये।

आज संघर्ष विराम है, अंत नहीं - रघु ठाकुर

धमतरी। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने धमतरी जिले के आदिवासी नगरी क्षेत्र के आदिवासियों की पुरानी पट्टे की मांग और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर गोंडवाना भवन धमतरी से भारी वर्षा के बावजूद एक विशाल रैली निकाली। जो शहर के मुख्य चौराहा एवं सड़कों से होते हुए धरना स्थल गांधी चौक पहुंची। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी केसंरक्षक श्री रघु ठाकुर जी के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश चंद्र एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक पडा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बंसी श्रीमाली धमतरी जिला अध्यक्ष श्री शिव नेताम के साथ नारे लगाते हुए सैकड़ों प्रदर्शन कारी धरना स्थल पर पहुंचे ।धरना स्थल पर सभा को श्रीमती लता नेताम ने संबोधित करते हुए आ वाहन किया के रासायनिक खाद से दूर रहे हैं जिससे स्वास्थ्य समस्या पैदा होती है। सरकार से पट्टे की समस्या को तत्काल हल करने की मांग की ।उन्होंने कहा कि हम लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के द्वारा आयोजित आंदोलन के साथ हैं और आगे भी लड़ते रहेंगेऊपर खरखा गांव की की बेटी संजू मरकाम ने कहा कि हम अपने हक के लिए लड़ेंगे हमारे गांव में बिजली पानी व स्वास्थ्य की सुविधा नहीं है। उसके बाद प्रतीक्षा मरकाम ने कहा कि हमारे गांव में स्कूल जाने के लिए जंगल से तीन चार किलोमीटर आगे जाना पड़ता है क्योंकि स्कूल नहीं है ।पानी बिजली की भी समस्या है। इसके लिए हम यहां रैली में आए हैं। मुख्य वक्ता श्री रघु ठाकुर जी ने नौकरशाही पर वार करते हुए कहा की आज की नौकरशाही में बहुत परिवर्तन आ गया है ।वह गरीब लोगों के लिए काम नहीं करते हैं ।तानाशाह प्रवत्ति आ गई है ।वह आमजन के सेवक हैं और उन्हें उनकी समस्याओं को हल करने में ज्यादा ध्यान देना चाहिए। यही उनका संवैधानिक दायित्व है।

आपसी विवाद में पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, पति गिरफ्तार

खैरागढ़। जिले के साल्हेवारा थाना क्षेत्र के गोलरडीह गांव में बुधवार मिली महिला की लाश के मामले में पुलिस ने मृतक को पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी पत्नी से हुए विवाद के बाद अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र के गोलरडीह गांव में बुधवार को गौतरहीन बाई नामक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। महिला की लाश मिलने की सूचना ग्रामीणों ने सालहेवारा थाने में दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर हत्यारे की जांच प्रारंभ की। साथ ही हत्यारे का पता लगाने में जुट गई। पुलिस को अपनी जांच के दौरान पता चला कि मृतका का अपने पति जानलाल बैगा से अक्सर विवाद होता रहता था और इस सघना के बाद से ही फरार था। पुलिस ने आरोपी पति की खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वह अमरपुर जंगल में छूपा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर अमरपुर जंगल से जानलाल बैगा को गिरफ्तार कर लिया। पुछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतका गौतरहीन बाई उससे अक्सर विवाद करती रहती थी और घटना के दिन भी दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ जिसपर गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज किया है।

शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में तकनीकी उन्नयन मछुआ प्रशिक्षण

नन्दू यादव

सूरजपुर भारत भास्कर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में 14 सितम्बर को विभागीय 03 दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य अतिथि श्रीमती सुहागवती राजवाड़े अध्यक्ष जिला कृषि स्थायी समिति सूरजपुर, विशिष्ट अतिथि श्री बिहारी कुलदीप जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति जिला गौठान समिति, श्री अखिलेश प्रताप सिंहदेव जी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भैयाथान श्री एस.के. द्विवेदी सेवानिवृत्त सहायक मत्स्य अधिकारी व श्री एम.एस. सोनवानी सहायक संचालक मछली पालन के गरिमामय में उपस्थिति हुआ।

कार्यक्रम सहायक संचालक मछली पालन द्वारा अतिथियों का स्वागत तथा उद्बोधन में जिले की प्रगति से अवगत कराया गया। वर्ष 2023-24 में मत्स्य बीज उत्पादन स्थान 330 लाख के विपक्ष में 375 लाख एवं 75 लाख स्टैण्डर्ड फ्राई के विपक्ष में अब तक 62 लाख पूर्ति कर ली गई है। जिले के सभी मत्स्य पालकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कतला, रोहू, मृगल मत्स्य बीज प्रक्षेत्र से उपलब्ध करायी जा रही है। श्री एस. के. द्विवेदी जी के द्वारा सिंचाई जलाशय एवं ग्रामीण तालाबों को 10 वर्षीय पट्टे पर लेकर मछली पालन करने की आधुनिक विधि से अवगत कराया गया। श्री नीलमणी मत्स्य निरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी मत्स्य पालकों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत स्वयं के भूमि में नवीन तालाब निर्माण, फुटकर मछली विक्रय योजना मोटरसाइकिल सह आईस बाक्स वितरण, ऑटो रिक्शा सह आईस बाक्स, नाव-जाल वितरण मछुआरों का दुर्घटना बीमा के संबंध में बताया गया। श्री डिगेश्वर सिंह मत्स्य निरीक्षक द्वारा निजी डबरियों में स्थान संवर्धन कर स्वयं मत्स्य बीज उत्पादन करके अपने तालाब जलाशयों में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि लाकर आजिविका के श्रोत बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।

श्री अखिलेश प्रताप सिंहदेव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिले के सभी मत्स्य पालकों को छोटे-छोटे डबरियों का निर्माण करने हेतु प्रोत्साहित किया, जिससे जल संवर्धन के साथ-साथ मछली पालन से कम समय में अधिक लाभ ले पायेंगे। श्री बिहारी कुलदीप द्वारा शासन के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को मछली पालन विभाग से समन्वय कर गौठान के माध्यम से स्वरोजगार प्राप्त करने हेतु आहवान किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुहागवती राजवाड़े जी द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये मछली पालन, बकरी पालन, बागवानी, वर्मी कम्पोस्ट विक्रय से लाभ लेकर अपनी आमदनी को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

श्री एम.एस. सोनवानी सहायक संचालक मछली पालन ने पंडवानी गीत के माध्यम से सबको भाव विभोर कर दिया और मजबूत लोकतंत्र सबकी सहभागिता पर निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी को शपथ दिलाया गया। श्री सुधाकर बिसेन सहायक मत्स्य अधिकारी द्वारा प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया जिसमें कतला, रोहू, मृगल मछली का पहचान, संचयन करने का तरीका परिपूरक आहार देने की विधि के साथ-साथ मछलियों में लगने वाले रोग व उपचार के संबंध में विस्तार से बताकर अंत में आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री डिगेश्वर सिंह मत्स्य निरीक्षक द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान श्री परमेश्वर सिंह अध्यक्ष मछुआ सहकारी समिति दवनकरा, श्री नारायाण सिंह जाज, श्री शिवचन्द इन्दरपुर, श्री रामनारायण भंवरखोह, श्रीमती भारती कॅवट कुंजनगर, श्रीमती कलावती डुमरिया, श्रीमती चन्दा बाई बसदेई, श्री मनीजर पैकरा बुन्दिया श्री सुरेन्द्र कुमार साहू बरबसपुर मत्स्य जमादार श्री छोटेलाल तिर्की, श्री मुकेश राजवाडे, श्री शंखलाल, श्री गौतम, श्री महेन्द्र श्री मोहित राजवाड़े के साथ-साथ जिले के विभिन्न विकासखण्ड के पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, स्वयं सहायता समूह एवं व्यक्तिगत 160 मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

सात दिवसीय बेसिक शिविर का समापन

स्काउट मास्टरों ने किया कुदरगढ़ पहाड़ में ट्रैकिंग

नन्दू यादव

सुरजपुर - भारत भास्कर जिले के कुदरगढ़ में चल रहे स्काउट गाइड बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आज समापन किया गया। स्काउट मास्टर प्रशिक्षण के शिविर संचालक एलटी पूनम सिंह साहू एवं दीपक कुमार पांडेय के द्वारा शिविर के नियम प्रतिज्ञा और स्काउट परिभाषा, उद्देश्य, नियम, टोली प्रणाली योजना प्लानिंग प्रोफिशिएंसी बैज योजना, स्काउट साहित्य, यूनिट लीडर की प्रगति, नक्शा पढ़ना, मानचित्र, कंपास, संगठन की जानकारी, संकेत वार्ता, यूनिफॉर्म पहनने के नियम बताये गए। प्री एलटी बेलभद्र देवांगन एवं नंद कुमार सिंह के द्वारा बीपी सिक्स, कसरत, ड्रेस की जानकारी, खोज के चिन्ह और उसके प्रयोग, प्रार्थना इत्यादि। गाइड शिविर प्रभारी श्रीमती जर्मिना एक्का एवं अरुणा किंडो के द्वारा स्काउट गाइडिंग का इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, हस्तकला, गैजेट, फाँसे और उनका प्रयोग, फीयर लेसिंग, स्वास्थ्य के नियम, प्रेरणा गीत, ध्वज की जानकारी इत्यादि। सहायक संचालक एलटी रामदत्त पटेल एवं प्री एलटी विनय कुमार तिवारी के द्वारा चिन्ह, सैल्यूट और हाथ मिलाना, सिटी एवं उसके संकेत, स्काउट गाइड की प्रगति, हाइक स्काउट गाइड हेतु पंजी रिकार्ड का संधारण करने बताया गया। समापन के एक दिन पूर्व ट्रेनर रोवर विनय तिवारी एवं अन्य प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट मास्टरों का कुदरगढ़ पहाड़ का ट्रेकिंग कराया गया जिसमें सभी स्काउट मास्टरों ने भाग लिया एवं जगह-जगह पर बनाएं सांकेतिक नियमो का अनुकरण किया। रात्रि में कैंप फायर कर सांस्कृतिक कार्यक्रम मां बागेश्वरी लोकन्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष के आथित्या में कराया गया जिसमें कैम्प फायर करने के पश्चात नृत्य गीत एवं नाटक का प्रदर्शन किया गया। समापन कार्यक्रम में सुबह सर्व धर्म प्रार्थना किया गया। स्काउट मास्टरों को दीक्षा दिया गया उन्हें बैज प्रदाय किया गया। और प्रशिक्षित स्काउट मास्टरों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला सचिव उमेश गुर्जर, प्रेम सिंधु मिश्रा, स्काउट मास्टर श्रीकांत पांडे योगेश साहू राजेश चौधरी मनोज तिर्की कन्हैया लाल सोनी एवं अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

कैबिनेट के स्वच्छता मंत्री, उपमंत्री विजेताओं को किया सम्मान

नन्दू यादव

सूरजपुर/ भारत भास्कर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम द्वारा प्रदत निर्देशो के परिपालन, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा शशिकांत सिंह द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन अनुरूप स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन कर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्वच्छता अपनाने हेतु शपथ ग्रहण, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, सार्वजनिक हेडपंप, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व विद्यालय के बाह्य परिवेश, फुटबॉल मैदान की साफ सफाई, व्यक्तिगत स्वास्थ्य परिचर्चा, स्वच्छता को प्रेरित करता चित्रकला, पेंटिंग-पोस्टर निर्माण कार्य, हस्त प्रक्षालन कार्य, सायकल रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता अपनाने, स्वच्छ रहने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम मे अतिथि स्वरूप शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती एनमति राजवाड़े व उपाध्यक्ष श्रीमती कैलासो, श्रीमती मानमती जायसवाल उपस्थिति रहीं। संस्था के बाल कैबिनेट के स्वच्छता मंत्री सुश्री अनीता राजवाड़े व उपमंत्री रजनी विश्वकर्मा सहित सक्रिय सहयोगी के रूप में टिकेश्वरी राजवाड़े, रेशमी राजवाड़े, नीशु राजवाड़े व मयूरी रजवाड़े को तथा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से प्रथम- दिव्या राजवाड़े, द्वितीय- अभिषेक विश्वकर्मा एवं तृतीय संजू देवांगन को, कक्षा सातवीं में प्रथम- कुमारी रूपा विश्वकर्मा, द्वितीय- कुमारी वर्षा सिंह, तृतीय- रजवंती राजवाड़े को एवं कक्षा आठवीं में प्रथम- अंजू राजवाड़े, द्वितीय- दामोदर प्रसाद राजवाड़े एवं तृतीय शालिनी यादव को कापी-पेन से पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि संस्था के समस्त कार्यों को संस्थागत अंजू राजवाड़े व केशवनंद रजवाड़े के कुशल नेतृत्व में संपन्न कराया जाता है। इस दौरान संस्था में पदस्थ शिक्षक श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी व सहायिका श्रीमती सुमित्रा राजवाड़े व नान दईया सक्रिय रहे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत निकली मतदाता जागरूकता रैली

नन्दू यादव

सूरजपुर भारत भास्कर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार कोयलांचल क्षेत्र जरही में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर जरही के छात्रों द्वारा क्षेत्र में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने एवं शत प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से रैली, मानव श्रृंखला एवं स्वीप प्रतीकों को अंकित किया गया। रैली में शामिल छात्र छात्राओं एवं उपस्थित कर्मचारियों को कलेक्टर के द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया तथा शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

सही वजन, सही ऊंचाई, उम्र अनुसार मनाए गए वजन त्यौहार

नन्दू यादव

सूरजपुर भारत भास्कर शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के वजन त्योहार संबंधी निर्देश के परिपालन में परियोजना अन्तर्गत 343 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। वजन त्योहार को सफल आयोजन हेतु जन प्रतिनिधियों एवं पालको को आमंत्रित कर बच्चों के ऊंचाई एवं उम्र अनुसार सही वजन की जानकारी रिपोर्ट कार्ड में भरकर दी जा रही है। पोषण संबंधी गतिविधियों के माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अब तक सूरजपुर परियोजना अंतर्गत 12000 से भी अधिक बच्चों का वजन किया जा चुका है तथा आगामी 25 सितम्बर तक आंगनबाड़ी केन्द्रों वजन त्यौहार का आयोजन होना है। कलेक्टर श्री संजय कुमार अग्रवाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिसोदिया के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी सेक्टर पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपनी महती भूमिका निभा रहे है।

कलेक्टर ने किया खनिज विभाग की कामकाज की समीक्षा,टास्क फोर्स की बैठक हुई संपन्न

चंद्रप्रकाश टोंडे सिमगा : कलेक्टर चंदन कुमार ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में खनिज विभाग की कामकाज की विस्तृत समीक्षा की है। साथ ही इस दौरान जिला टास्क फोर्स की बैठक भी संपन्न हुई.जिले के सभी क्षेत्रों जिनमें खनिजों के अवैध उत्खनन हेतु संवेदनशील है ऐसे खदानों का खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर चिन्हांकित करने नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण पर कार्यवाही किये जाने हेतु सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए तथा उप-संचालक खनिज प्रशासन बलौदाबाजार को आवयक पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उप-संचालक (खनि.प्रा.) के द्वारा इस वित्तीय वर्ा में राज्य शासन द्वारा निर्धारित वित्तीय लक्ष्य 320.00 करोड़ के विरुद्ध माह अगस्त 2023 के स्थिति में 104.00 करोड़ (33 प्रतिशत) की प्राप्ति की जानकारी दी गई। के साथ इस वित्तीय वर्ष में खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण की जानकारी के रुप में अवैध उत्खनन के कुल 16 अवैध परिवहन के 204 एवं अवैध भण्डारण के 4 प्रकरण में कुल 57 लाख 32 हजार 8 सौ अठाईस रुपये की वसूली की जानकारी दी गई। उक्त प्रकरणों में खनिज रेत के के अवैध उत्खनन के 5 अवैध परिवहन के 110 एंव अवैध भण्डारण के 03 प्रकरण होने की जानकारी दी गई के साथ माह अगस्त एवं सितंबर में अवैध उत्खनन के 01 अवैध परिवहन के 34 प्रकरणों में ... मसझौता राशि वसूल किये जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर महोदय के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ द्वारा याचिका क्रमांक ॅच;चप्स्द्ध 21ध्2020 एवं ॅच;चप्स्द्ध 66ध्2023। के संदर्भ में पारित आदेश दिनांक 24.07.2023 एवं 04.06.2023 के अनुक्रम में शासन एवं संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म की ओर से जारी निर्दो के परिपालन में अब खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण के दर्ज प्रकरणों में पुनरावृत्ति पाये जाने पर खनिज अधिनियम, 1957 के धारा-21(1) एवं (2) के तहत 2 से 5 वर्ा तक की कारावास एवं जुर्माने करवाने हेतु सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जावे, जिलें में अवैध उत्खनन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हांकित कर प्रतिबंधात्मक नोटिस बोर्ड, बैनर लगाने,नियमों में कठोर कार्यवाही के प्रावधानों को प्रचार प्रसार करने ग्राम पंचायत स्तर पर की गई मुनादी कराने,पहूँच मार्ग को बाधिक करने किये गये उपाय करने, खनिज राजस्व, पुलिस,परिवहन विभाग द्वारा समन्वय बनाकर कार्रवाई करने,पुल/पुलिया/एनीकट एवं अन्य अस्थाई संरचना आदि प्रतिबंधित क्षेत्रों में यदि किया भी प्रकार का उत्खनन पाये जाये तो उसे पूर्णत: प्रतिबंधित करने के साथ खनिज विभाग के निरी.सिपाहियों को कार्यवाही के दौरान वर्दी धारण किये जाने आदि विभिन्न बिन्दुओ पर निर्दश दिये गये। जिस पर उप-संचालक के द्वारा बताया गया कि खनिज विभाग द्वारा पूर्ण में किये गये कार्यवाहियों के आधार पर जिलें में खनिज रेत के संभावित अवैध उत्खनन प्रभावित/संवेदनशील क्षेत्र के रूप में 05 ग्राम पंचायत (सुनसुनिया, चिचपोल, डोगरीडीह, परसापाली एवं बलौदा) तथा खनिज चूनापत्थर के संभावित अवैध उत्खनन प्रभावित/संवेदनशील क्षेत्र के रूप में 05 ग्राम पंचायत (कुम्हारी, खपरीडीह, गिधपुरी, खैरा एवं नवाडीह) को चिन्हांकित किये जाने, अवैध उत्खनन प्रभावित/संवेदनशील क्षेत्र में चेतावनी/सावधानी के सूचना पटल/बोर्ड लगवाने, संवदनशील क्षेत्रों के पहूँच मार्गों में ट्रेंच बनाकर अवरूद्ध करने संवेदनशील ग्राम पंचायतों में मुनादी कराये गये जाने हेतु सरपंचों को जारी निर्दो व थाना प्रभारी एवं तहसीलदारों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन की रोकथाम किये जाने हेतु समुचित कार्यवाही के संबंध में जारी निर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई है तथा अवगत कराया गया कि जिलें में खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण की रोकथाम हेतु निर्देशानुसार हर संभव कार्यवाही की जावेगी।

पुतिन ने किम के उत्तर कोरिया दौरे के निमंत्रण को स्वीकार किया

सोल, एजेंसी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के देश की यात्रा के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। सुदूर वोस्तोचन अंतरिक्ष बंदरगाह पर उनके शिखर सम्मेलन के बाद किम ने उन्हें उत्तर कोरिया आने का निमंत्रण दिया। प्योंगयांग के राज्य मीडिया ने गुरुवार को ये जानकारी दी। उत्तर कोरिया की सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि किम ने शिखर वार्ता के बाद बुधवार रात पुतिन के साथ आधिकारिक रात्रिभोज में ये निमंत्रण दिया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2019 में व्लादिवोस्तोक की यात्रा के बाद पुतिन के साथ किम की यह पहली मुलाकात थी। केसीएनए ने बताया, रिसेप्शन के अंत में, किम जोंग-उन ने पुतिन को अपनी सुविधा के अनुसार उत्तर कोरिया का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया। पुतिन ने निमंत्रण को स्वीकार कर लिया और रूस-उत्तर कोरिया मित्रता के इतिहास और परंपरा को आगे बढ़ाने की अपनी इच्छा की पुष्टि की। शिखर सम्मेलन तब हुआ जब प्योंगयांग हाल ही में दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच बढ़ते सुरक्षा सहयोग के बीच मास्को के साथ सैन्य संबंधों को मजबूत करने और अपने हथियारों के विकास को दोगुना करने की कोशिश कर रहा है। केसीएनए के अनुसार, बैठक के दौरान किम ने कहा कि रूस की उनकी यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर तक बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। केसीएनए ने किम के हवाले से कहा, उत्तर कोरिया-रूस संबंधों को अत्यधिक महत्व देना और हमेशा गहरी दोस्ती की परंपरा को विकसित करना उत्तर कोरिया सरकार का हमेशा से रुख रहा है। केसीएनए ने कहा कि दोनों पक्षों ने साम्राज्यवादियों की सैन्य धमकी और उकसावे को विफल करने के लिए साझा मोर्चे पर सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, रात्रिभोज के स्वागत के दौरान पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय संबंध हमेशा की तरह मित्रवत और अच्छे पड़ोसी संबंधों पर केंद्रित हैं। इसके जवाब में, किम ने पुतिन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक दूरगामी योजना पर काम करने और दोनों देशों में शक्तिशाली राष्ट्र-निर्माण के मकसद को गतिशील रूप से बढ़ावा देने और वास्तविक अंतरराष्ट्रीय न्याय का एहसास करने की इच्छा व्यक्त की। केसीएनए ने विवरण दिए बिना कहा कि किम वहां से रवाना हो गए। पुतिन ने पहले घोषणा की थी कि किम शिखर सम्मेलन के बाद रूस के सुदूर पूर्व में कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर और व्लादिवोस्तोक की यात्रा करेंगे।

गाजा सीमा पर विस्फोट में पांच की मौत, 25 घायल

गाजा, एजेंसी। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल-गाजा सीमा पर एक विस्फोट में कम से कम पांच फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनियों के एक सामूहिक प्रदर्शन के दौरान हुए विस्फोट में 25 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि विस्फोट से पहले, सीमा बाड़ पर फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों और इजरायली सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान इजरायली सैनिकों ने गोलियां और आंसू गैस के बम दागे थे। द टाइम्स ऑफ इज़राइल के अनुसार, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि फिलिस्तीनियों द्वारा बैरियर पर विस्फोटक उपकरण और हथगोले फेंकने के बाद इजरायली सैनिकों ने कार्रवाई की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही है, लेकिन आईडीएफ ने दावा किया कि इजरायलियों को चोट पहुंचाने के प्रयास में प्रदर्शन के दौरान फिलिस्तीनी दंगाइयों द्वारा एक विस्फोटक उपकरण रखा गया था। इस बीच, इजराइली सेना ने इस संभावना से इनकार किया कि इजराइली गोलीबारी के कारण विस्फोट हुआ और कहा कि डिवाइस को फेंकने की कोशिश के दौरान यह अपने आप फट गया।

संयुक्त राष्ट्र के सूडान में दूत ने इस्तीफे की घोषणा की

न्यूयार्क, एजेंसी। सूडान में संयुक्त राष्ट्र के दूत वोल्कर पर्थेस ने कहा है कि वह अपने पद से हट रहे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पर्थेस ने बुधवार को सूडान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद को जानकारी देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा, मुझे सूडान के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के रूप में ढाई साल से अधिक समय तक सेवा करने का सौभाग्य मिला। पर्थेस ने कहा, मैं उस अवसर के लिए और मुझ पर विश्वास के लिए महासचिव का आभारी हूं, लेकिन मैंने उनसे मुझे इस काम से मुक्त करने के लिए कहा है। इसलिए इस समारोह में यह मेरी आखिरी ब्रीफिंग होगी। बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि पर्थेस के पास इस्तीफा देने के बहुत मजबूत कारण हैं और मुझे उनकी इच्छा का सम्मान करना होगा और उनका इस्तीफा स्वीकार करना होगा। सूडानी विदेश मंत्रालय ने जून में कहा था कि सूडान सरकार ने आधिकारिक तौर पर गुटेरेस को सूचित किया कि पर्थेस को पर्सोना नॉन-ग्रेटा यानि देश में नहीं आने के लिए घोषित कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने तब कहा था कि गुटेरेस को याद है कि पर्सोना नॉन-ग्रेटा का सिद्धांत संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर लागू नहीं है।

चीन में भारी बाढ़ के बीच 70 से अधिक मगरमच्छ फार्म से भाग निकले

बीजिंग, एजेंसी। चीन में हुई मूसलाधार बारिश के कारण आई भारी बाढ़ के बीच पेंग कुन गांव के पास से 70 मगरमच्छ खुले में निकल गए। शहर में अधिकारियों ने मगरमच्छों को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया है। सीएनएन ने स्थानीय शाई बाओ न्यूज के हवाले से मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि पेंग कुन गांव के पास कम से कम 69 वयस्क मगरमच्छ और छह छोटे मगरमच्छ खुले में निकल गए। आउटलेट ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने निवासियों को बाहर न निकलने की चेतावनी जारी की है। द बीजिंग न्यूज के अनुसार सोनार डिटेक्शन उपकरण का उपयोग कर लापता मगरमच्छों का पता लगाने के लिए एक आपातकालीन बल तैनात किया गया है।

तालिबान की सरकार को मान्यता देने के करीब चीन

अफगानिस्तान में राजदूत नियुक्त; ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना

काबुल/ बीजिंग, एजेंसी। अफगान अधिकारियों ने दावा किया है कि तालिबानी कब्जे के बाद चीन ने काबुल में अपना पूर्णकालिक राजदूत नियुक्त कर दिया है। इसके साथ ही चीन ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश भी बन गया है।

दरअसल, 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज होने के बाद से तालिबान अंतरराष्ट्रीय मान्यता की मांग कर रहा है। हालांकि, अभी तक किसी भी देश ने ऐसा नहीं किया है। काबुल में अपना पूर्णकालिक राजदूत नियुक्त कर चीन इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

तालिबान के एक प्रवक्ता ने कहा कि नए चीनी राजदूत झाओ जिंग ने प्रधानमंत्री मोहम्मद हसन अखुंद और विदेश मंत्री शेख अमीर खान मुत्तकी से मुलाकात की है। हालांकि, चीन ने अफगानिस्तान में राजदूत की नियुक्ति को सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बताया है।

तालिबान की सरकार में शामिल कई अधिकारियों पर अंतरराष्ट्रीय पाबंदियां लगी हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र संघ यानी यूएन में अफगानिस्तान की सीट पर अमेरिका के समर्थन वाली पुरानी सरकार काबिज है। अफगानिस्तान में चीन के पिछले राजदूत वांग यू ने 2019 में यह पद संभाला था और पिछले महीने उनका कार्यकाल समाप्त हुआ।

काबुल में राजदूत की उपाधि वाले अन्य दूसरे राजनयिक भी हैं, लेकिन उन सभी की नियुक्ति तालिबान के कब्जे से पहले ही हुई थी। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जब राजदूत झाओ की कार पुलिस के काफिले के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंची। चीन की ऐंबैसी की तरफ से जारी एक बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की गई है कि वो अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार से डायलॉग बढ़ाएं। साथ ही देश में एक मॉडर्न पॉलिसी अपनाने और आतंकवाद से लड़ने में मदद करें।

बयान में अमेरिका का नाम लिए बिना कहा गया है- अफगानिस्तान में जो कुछ हुआ उससे सबक लेने की जरूरत है। उन्हें आतंक से लड़ाई के दोहरे स्टैंडर्ड को छोड़ना चाहिए। चीन ने बाहरी देशों में सीज की गई अफगानिस्तान की संपत्ति छोड़ने और तालिबान पर लगी पाबंदियों को भी हटाने की मांग की है। अगर किसी देश में सरकारों को मान्यता नहीं मिलती तो वह देश इंटरनेशनल ट्रीटी में शामिल नहीं हो सकते। इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं मिलता। उनके कूटनीतिक प्रतिनिधि विदेशों में लीगल एक्शन से छूट नहीं पा सकते हैं। वे किसी और सरकार के सामने या विदेशी अदालतों में प्रोटेस्ट या प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। जब यह माना जाता है कि कोई सरकार अपने देश में विदेशी हितों को सुरक्षित रखने में नाकाम रही है या इंटरनेशनल स्तर पर जवाबदेही पूरा नहीं कर पा रही है तो उसके अन्य देशों से रिश्ते खराब हो सकते हैं। सैन्य विद्रोह या बगावत को भी उस समय मान्यता मिलती है जब वहां की नई सरकारें यह सुनिश्चित करती हैं कि इंटरनेशनल लेवल पर वह जिम्मेदारी निभाने को पूरी तरह तैयार हैं। बर्मा को ही लें। वहां छह महीने पहले सैन्य विद्रोह हुआ था। सेना ने वहां प्रशासन पर कब्जा कर रखा है। समानांतर सरकार भी चल रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई सरकार को मान्यता नहीं है और वह डिप्लोमेटिक चैनल्स के जरिए ज्यादा से ज्यादा देशों से मान्यता हासिल करने की कोशिश कर रही है। चीन काफी समय से तालिबान से नजदीकियां बढ़ा रहा है। साल की शुरुआत में ही चीन ने अफगानिस्तान के लिथियम रिजर्व में निवेश करने की इच्छा जाहिर की थी। इसके लिए तालिबान के माइनिंग और पेट्रोलियम मंत्री शहाबुद्दीन दिलावर ने चीन की कंपनी गोचिन के अधिकारियों से काबुल में मुलाकात की थी। मंत्री दिलावर ने कहा था कि इस निवेश से 1 लाख 20 हजार नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। चीन की कंपनी ने तालिबान से ये भी वादा किया है।

हियरिंग लॉस के बारे में बता देती हैं आंखें

लंदन, एजेंसी। आपकी आंखें बता सकती हैं कि आपके कान कमजोर हो रहे हैं। नई रिसर्च में ये दावा किया गया है। रिसर्चर्स का कहना है कि जिस व्यक्ति को कम सुनाई देता है वो एक जगह पर देखकर बात को आसानी से सुनने की कोशिश करता है। यानी किसी बात को सुनते समय उसकी आंखों में ज्यादा बदलाव नहीं होते। वो एक ही जगह पर फोकस करता है। पहले हुई कई रिसर्च में सामने आया है कि जब हम ज्यादा गंभीरता से सोचते हैं तो हमारी आंखों की पुतलियों में किसी तरह का मूवमेंट नहीं होता। दूसरे शब्दों में कहें तो जब हम कुछ याद करने की कोशिश करते हैं तो एक ही जगह पर एकटक देखते हैं। इस दौरान हमारी आंखों में कोई बदलाव या मूवमेंट नहीं होता।

अब आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि शोरगुल में भी हम फोकस करके एक आवाज को सुनने की कोशिश करते हैं, तो क्या हियरिंग लॉस है। रिसर्चर एरिक कुई और ब्योर्न हेरमैन का कहना है कि शोरगुल में किसी एक आवाज पर फोकस करना हियरिंग लॉस नहीं है। ये एक नॉर्मल प्रोसेस है कि जब हम फोकस करते हैं तो आंखों में मूवमेंट नहीं होती। इसी फैक्ट को ध्यान में रखकर हमने स्टडी की है। इसके आधार पर हम कह सकते हैं कि हियरिंग प्रोसेस और कानों से जुड़ी बीमारियों का पता लगाने में आखें अहम रोल प्ले करती हैं।

स्टडी के मुताबिक, इनर इयर में वायरल इंफेक्शन आने से नर्व को नुकसान पहुंचाता है। इससे हियरिंग लॉस हो सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो तापमान बढ़ने, घटने और नमी के कारण कान में फ्ल्यूड बनने से लंबे समय तक सूजन और इंफेक्शन रहने के कारण सुनाई देने की क्षमता कम होना शुरू हो जाता है। एक से दो दिन तक रहने वाला इंफेक्शन रिकवर हो जाता है। दो सप्ताह से ज्यादा और लंबे समय तक यह इंफेक्शन रहने से पर्दे में खिंचाव आ जाता है। फ्रांस के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल इंस्टीट्यूट की रिसर्च रिसर्च में पाया गया है कि कुछ लोगों में शुगर और डिप्रेशन की वजह से सुनने की समस्या हो रही है। वहीं कुछ लोगों को अकेलेपन, शहरी शोर और हेडफोन का यूज करने के कारण परेशानी हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया में लगभग 150 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में सुनने में समस्या महसूस कर रहे हैं। यह संख्या 2050 तक बढ़कर 250 करोड़ होने की संभावना है। इसलिए इसे स्वास्थ्य समस्या के रूप में देखा जा रहा रिसर्च से पता चला है कि फ्रांस में चार में से एक व्यक्ति को सुनने में परेशानी हो रही है। वे धीरे-धीरे बहरे होते जा रहे हैं।

फिलिस्तीन विवाद पर यूएन चीफ ने बापू को याद किया

वाशिंगटन, एजेंसी। यूएन सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस ने हाल ही में जी20 समिट के दौरान राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। इसके बाद बुधवार को उन्होंने गांधी के विचारों की प्रशंसा की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिलिस्तीन के मुद्दे पर सवाल का जवाब देते हुए एंटोनियो ने कहा- मैं हाल ही में भारत से आया हूं, वहां मैंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। हमें गांधी की शिक्षा और उदाहरण नहीं भूलना चाहिए।

फिलिस्तीन और इजराइल के बीच सीमा विवाद और धर्म के मुद्दों पर अक्सर हिंसा होती है। इसे लेकर गुटेरेस ने कहा- हमें फिलिस्तीन के लोगों के अधिकारों को पहचानना चाहिए। अगर कोई देश इसे कमजोर करने की कोशिश करे तो उसकी निंदा होनी चाहिए। हिंसा से फिलिस्तीन अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पाकिस्तानी पत्रकार ने एंटोनियो से भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ कथित हिंसा पर मोदी के साथ कुछ बातचीत होने का सवाल पूछा। इसके जवाब में एंटोनियो ने कहा- मेरी प्रधानमंत्री मोदी के साथ किसी भी प्रकार की मीटिंग नहीं हुई, लेकिन हमारा पक्ष साफ है, धर्म के आधार पर हो रही हिंसा से ह्यूमन राइट्स का नुकसान होता है। हम इसके खिलाफ हैं।

इससे पहले जी20 समिट में बापू को श्रद्धांजलि देते वक्त ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा भावुक हो गए थे। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा था- महात्मा गांधी को नमन करना मेरे लिए इमोशनल मोमेंट था। सब जानते हैं कि मेरे राजनीतिक जीवन में उनकी क्या अहमियत है। लेबर मूवमेंट के वक्त सदियों तक वो मेरे आदर्श रहे। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा था कि भारत-यूएस के रिश्ते गांधी के आदर्शों पर निर्भर हैं। भारत में हाल ही में हुए जी20 समिट में दुनिया भर के कई बड़े नेता शामिल हुए थे। इस सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और यूएन जनरल एंटोनियो गुटेरेस डिप्लोमैट के रूप में आए थे।

जी20 समिट के दूसरे दिन सभी देशों के प्रतिनिधियों ने राजघाट पर जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि दी थी। इसके पहले 2018 में महात्मा गांधी के 150वें जन्मदिन पर एंटोनियो भारत में आए थे। उन्होंने तब भी राजघाट जाकर श्रद्धांजलि दी थी।

कर्मचारियों को सैलरी तक के लाले; बंद होने के कगार पर पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन

इस्लामाबाद, एजेंसी। गले तक कर्ज में डूबे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लिए स्थिति काफी नाजुक है। महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान में आटा-चावल और तेल की कीमतें पहले ही आसमान छू रही हैं, वहीं बिजली की बढ़ी कीमतों ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। पाकिस्तान का खजाना खाली हो रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार की कमी झेल रहा पाकिस्तान दूसरे देशों से मिल रहे कर्ज के सहारे अपना गुजर-बरस कर रह है। अब पाकिस्तान में नौबत ऐसी आ गई है कि वहां सरकारी एयरलाइन तक चलाने के लिए पैसे नहीं बचे हैं।

पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन पीआईए का खाता फ्रीज किए जाने की खबर सामने आ रही हैं। जिसके चलते पीआईए कर्मचारियों को अगस्त का वेतन तक नहीं मिल पाया। पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, फंड की

कमी के कारण कई प्लेन रनवे पर धूल खा रहे हैं। यहां तक की एयरलाइन का संचालन बंद किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है। जिसके चलते 30 से ज्यादा फ्लाइट निलंबित किये जाने की संभावना है।

पाकिस्तानी मीडिया की मानें तो तुरंत फंड मुहैया नहीं कराए गए तो 15 विमानों को खड़ा करना पड़ेगा। पीआईए को उड़ान संचालन जारी रखने के लिए फंड की तत्काल जरूरत है, मगर पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार के पास पीआईए को देने के लिए पैसे नहीं बचे हैं। पाकिस्तानी सरकार ने एयरलाइन को फंड देने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के विमानन मंत्रालय ने सरकार को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए सुझाव दिया गया है कि बोइंग और एयरबस बहुराष्ट्रीय कंपनियां लेनदारों, विमान पट्टेदारों, ईंधन आपूर्तिकर्ताओं और अन्य महत्वपूर्ण हितधारकों से जुड़े बकाया का भुगतान न करने के कारण पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन की सेवा सितंबर के बीच तक बंद की जा सकती हैं। अरब न्यूज के मुताबिक, पीआईए की मुश्किलें 2020 के बाद और बढ़ गईं। एयरलाइन मार्च में पहले से ही आर्थिक रूप से संघर्ष कर रही थी, तभी कोरोनोवायरस महामारी के कारण इसकी कई फ्लाइट्स रोक दी गई थीं। पाकिस्तानी एयरलाइन ने मई 2020 में परिचालन फिर से शुरू किया, तो कराची में एक घरेलू पीआईए उड़ान दुर्घटना में विमान में सवार 99 में से 97 लोगों की मौत हो गई। यह घटना पाकिस्तानी एयरलाइन के प्लेन के खराब कल-पुर्जों की तरफ इशारा करती है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने की भारत के जी20 नेतृत्व की सराहना!

न्यूयार्क, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पिछले हफ्ते नई दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन में आम सहमति बनाने और ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की आवाज उठाने के लिए भारत के जी20 नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत के नेतृत्व ने दक्षिण की आवाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और जी20 की चर्चाओं के केंद्र में विकास के एजेंडे को रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। फिर, निस्संदेह, निष्कर्ष वही हैं जो वे हैं। यह इस पर निर्भर करता है कि देश क्या स्वीकार करने को तैयार हैं। लेकिन मुझे लगता है कि उस प्रयास को रेखांकित करने की जरूरत है। उच्च स्तरीय महासभा सत्र से पहले संवाददाता सम्मेलन में अपनी टिप्पणी में गुटेरेस ने कहा, प्रभावी नेतृत्व समझौता है। उन्होंने उभरती बहुध्रुवीय दुनिया के बारे में बात की और कहा कि बहुध्रुवीयता संतुलन का एक कारक हो सकती है, उन्होंने कहा कि यह बढ़ते तनाव, विखंडन और बदतर स्थिति को भी जन्म दे सकता है।

इसलिए, उन्होंने कहा, यह बेहतर कल के लिए समझौते का समय है। राजनीति समझौता है, कूटनीति समझौता है। आज के बहुपक्षीय संस्थान, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनाए गए थे, उस समय की शक्ति और आर्थिक गतिशीलता को दर्शाते हैं, और इसलिए, उनमें सुधार की आवश्यकता है। गुटेरेस ने कहा, हमारे बहुध्रुवीय विश्व को एक साथ लाने के लिए, हमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित मजबूत, सुधारित बहुपक्षीय संस्थानों की आवश्यकता है। मैं जानता हूं कि सुधार मूल रूप से शक्ति के बारे में है और हमारी बढ़ती बहुध्रुवीय दुनिया में स्पष्ट रूप से कई प्रतिस्पर्धी हित और एजेंडे हैं। लेकिन ऐसे समय में जब हमारी चुनौतियां पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई हैं, शून्य-राशि वाले खेल का नतीजा यह होता है कि हर किसी को शून्य मिलता है। महासचिव ने फिलिस्तीनियों को महात्मा गांधी और स्वतंत्रता के लिए अहिंसक कार्रवाई के उनके दर्शन का उदाहरण भी दिया। एक फ़िलिस्तीनी पत्रकार द्वारा यह पूछे जाने पर कि फ़िलिस्तीनियों को जब वे कब्ज़ाधारियों का विरोध करते हैं तो संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों सहित आतंकवादी क्यों करार दिया जाता है।

जब तक प्रतिबंध हटाए नहीं जाते, ईरान परमाणु समझौते को नहीं करेगा लागू : परमाणु प्रमुख

तेहरान, एजेंसी। ईरान के परमाणु प्रमुख ने कहा है कि अगर तेहरान पर पश्चिमी प्रतिबंध पूरी तरह से नहीं हटाए गए और अन्य पक्ष समझौते के तहत अपने दायित्वों का सम्मान नहीं करते हैं तो उनका देश 2015 के परमाणु समझौते को पूरी तरह से लागू नहीं करेगा। समाचार एजेंसी इरना ने अधिकारी के हवाले से बताया, ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के अध्यक्ष मोहम्मद एस्लामी ने बुधवार को ईरान की राजधानी तेहरान में एक कैबिनेट बैठक के मौके पर देश की परमाणु गतिविधियों और आईएईए के साथ सहयोग पर विस्तार से बात करते हुए यह टिप्पणी की।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी का ई3 समूह ईरान से परमाणु समझौते को पूरी तरह से लागू करने की उम्मीद नहीं कर सकता है, जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उनमें से कोई भी समझौते के तहत अपने दायित्वों को पूरा नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु उपायों को अमेरिकी प्रतिबंधों का मुकाबला करने के लिए 2020 में ईरानी संसद द्वारा पारित कानून के आधार पर लागू किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि जब तक प्रतिबंध पूरी तरह से नहीं हटाए जाएंगे, तब तक देश इसे जारी रखेगा। संसद के कानून ने सरकार को आईएईए द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं के निरीक्षण को प्रतिबंधित करने और जेसीपीओए के तहत निर्धारित सीमा से परे देश के परमाणु कार्यक्रम के विकास में तेजी लाने का आदेश दिया।

भारतीय मूल के छात्र की हत्या के मामले में नया मोड़, कोरियाई रूममेट पर चलेगा केस

न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिकी राज्य इंडियाना में भारतीय मूल के एक 20 वर्षीय छात्र की उसके छात्रावास में पिछले साल हत्या कर दी गई थी। उसके कोरियाई साथी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, उस समय टिप्पेकेनो काउंटी के न्यायाधीश ने मुकदमा चलाने के लिए उसकी मानसिक हालत ठीक नही पाई थी। इसलिए केस चलाने से मना कर दिया था। अब इस मामले में नया मोड़ आया है। अदालत ने उसके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।

गौरतलब है कि 20 साल के छात्र वरुण मनीष छेड़ा को पिछले साल अक्तूबर में कैंपस के पश्चिमी किनारे पर मैककचियन हॉल में मृत अवस्था में पाया गया था। मामले में जांच के बाद, कोरिया के एक जूनियर साइबर सुरक्षा प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय छात्र जी मिन जिमी शा को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। बाद में, अप्रैल में टिप्पेकेनो सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने से इनकार कर दिया था।

टिप्पेकेनो सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश शॉन एम पर्सिन ने इस साल अप्रैल में दिए आदेश में कहा था कि जिमी शा ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं है। इसलिए अदालत केस चलाने की मंजूरी नहीं देती है।

अब 12 सितंबर को जारी नए आदेश में कहा गया है कि जिमी शा का कई महीनों तक लोगान्सपोर्ट स्टेट अस्पताल में इलाज किया गया। अब वह ठीक है। डॉक्टरों ने शा को मुकदमा चलाने के लिए एकदम स्वस्थ बताया है। अस्पताल के अधीक्षक बेथनी शॉनराइट ने न्यायाधीश को लिखे एक पत्र में कहा था कि जिमी शा अब ठीक है। वह अब अपना बचाव कर सकता है।

इस पर न्यायाधीश ने टिप्पेकेनो काउंटी शेरिफ कार्यालय को शा को वापस काउंटी जेल ले जाने का निर्देश दिया। बता दें, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोषी पाए जाने पर शा को 45 से 60 साल की जेल हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शा ने लगभग 12:45 बजे पुलिस को फोन करके जानकारी दी थी कि उसने मैककचियन हॉल में अपने रूममेट को चाकू मार दिया है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां उसने छेदा को एक कुर्सी पर और शा को खून से लथपथ पाया। पुलिस ने यह भी बताया कि दीवार पर खून के छींटों के साथ ही फर्श पर खून से लथपथ चाकू पड़ी हुई थी।

बाइडेन पर महाभियोग चलाने का कदम बिल्कुल चौंकाने वाला और इतिहास में सबसे कमजोर

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में रिपब्लिकन के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पर महाभियोग चलाने का कदम उठाया, जब हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने बहुमत के बिना आदेश दिया और जीओपी के नेतृत्व वाली तीन समितियों को बाइडेन के बेटे के विदेश में व्यापारिक सौदों की जांच करने का निर्देश दिया। यह हैरान करने वाला और अब तक का सबसे कमजोर कदम है। टाइम ने महाभियोग विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की जांच केवल कुछ ही बार हुई है और पिछली किसी भी जांच की तुलना में बाइडेन के गलत काम करने के सबूत कम हैं, जिससे कोई ठोस परिणाम या सबूत नहीं मिला। स्पीकर मैक्कार्थी ने मंगलवार को वोट लेने के सामान्य उपाय को पारित करके राष्ट्रपति बाइडेन और उनके बेटे हंटर के विदेशी व्यापार सौदों पर महाभियोग जांच शुरू करने का दुर्लभ कदम उठाया, क्योंकि वह अपने जीओपी सहयोगियों के दबाव में थे, और उनकी कार्रवाई गलत थी। अमेरिका में प्रसारित मीडिया रिपोर्टों

में कहा गया है कि मुख्य रूप से डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच संभावित टकराव को रोकने के लिए रिपब्लिकन को शांत करने के लिए, जिसके कारण महीने के अंत तक सरकार बंद हो जाएगी, जिसे वह टालना चाहते थे।

सदन ने केवल तीन राष्ट्रपतियों पर महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया है : एंड्रयू जॉनसन, बिल क्लिंटन, और डोनाल्ड ट्रम्प, जिन पर दो बार महाभियोग चलाया गया था। लेकिन किसी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की जांच भी केवल कुछ ही बार हुई है। दो महाभियोग विशेषज्ञों ने टाइम को बताया कि पिछली किसी भी जांच की तुलना में बिडेन पर गलत काम करने के कम सबूत हैं।कोलंबिया लॉ स्कूल के प्रोफेसर और महाभियोग के इतिहास के विशेषज्ञ, संवैधानिक विद्वान फिलिप बॉबबिट कहते हैं, यह उन लोगों के लिए बहुत हैरान करने वाली बात है जो पिछले महाभियोगों का अध्ययन करते रहे हैं, क्योंकि महाभियोग वास्तव में एक बहुत ही चरम उपाय है। उन्होंने 2018 में प्रकाशित लूस ब्लैक का क्लासिक कानूनी पाठ महाभियोग : एक पुस्तिका के एक अद्यतन संस्करण का सह-लेखन किया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि राष्ट्रपति के उपराष्ट्रपति रहते हुए या अब भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने का कोई सबूत है।टाइम ने यूनिवर्सिटी ऑफ मिसौरी स्कूल ऑफ लॉ में प्रोफेसर एमेरिटस प्रोफेसर और हाई क्राइम्स एंड मिसडेमीनर्स : ए हिस्ट्री ऑफ इम्पीचमेंट फॉर द एज ऑफ ट्रम्प पुस्तक के लेखक फ्रैंक बोमन के हवाले से कहा कि मैक्कार्थी का निर्णय हाउस रिपब्लिकन ने अब तक जो साक्ष्य एकत्र किए हैं, उस पर आधारित नहीं लगता। बोमन कहते हैं, बाइडेन के रिपब्लिकन अनुयायियों को किसी भी ऐसे मामले पर बिल्कुल शून्य, जिप, बुपकिस मिला है, जो महाभियोग योग्य हो सकता है। देशद्रोह, रिश्वतखोरी या अन्य उच्च अपराध और कदाचार करने के लिए राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति या संघीय नागरिक अधिकारी पर महाभियोग चलाने और पद से हटाने का अधिकार देता है। हालांकि, किसी राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए जांच एक कानूनी जरूरत नहीं है।

सार-समाचार

सिमगा कॉलेज में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन सम्पन्न

चंद्रप्रकाश टोंडे की रिपोर्ट : राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय, सिमगा के हिंदी विभाग द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ0 बीरू लाल बरगाह के निर्देशन में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। डॉ0 बीरू लाल बरगाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी विश्व की सबसे प्रमाणिक और वैज्ञानिक भाषा है । भाषा आंगिक, सांकेतिक, चित्रित या लिखित हो यह इस बात का प्रमाण है कि हम जीवित है। भाषा में असीमित शक्ति है व्यक्ति से व्यक्ति, परिवार समाज, देश और विश्व को जोड़ने की अपरिमित सकती है। श्री आशीष कुमार (सहायक प्राध्यापक, इतिहास) ने हिंदी भाषा के वैश्विक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए हिंदी भाषा के महत्व को बताया । श्री विकास कुमार सिंह रात्रे (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) ने भारतेंदु हरिश्चंद्र के कथन निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल व्याख्या किया। डॉ0 संजोगिता तिवारी (सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी) द्वारा कविता प्रस्तुति, डॉ0 मीना कुर्रे (अतिथि व्याख्याता, हिंदी) द्वारा वैश्विक महत्व, सुश्री संगीता साहू (अतिथि व्याख्याता, हिंदी) ने कहा राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए हिंदी को अनिवार्य बताया। सुश्री अर्चना कुजूर (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) और सुश्री सुनीता साकेत (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) ने हिंदी वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में एम0ए0हिंदी, बी0ए0 हिंदी साहित्य के 120 छात्रों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया । डॉ0 हरिश कुमार साहू (अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान) द्वारा हिंदी की उपयोगिता और अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

ग्राम पंचायत दौरेगा व कुलीपोटा में भोजली विसर्जन कार्य म में शामिल हुए : सत्तीश अग्रवाल

चंद्रप्रकाश टोंडे : भाटापारा विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत दौरेगा व कुलीपोटा में भोजली विसर्जन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सतीश अग्रवाल (सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन) जी ने शामिल होकर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भोजली दाई की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना किया, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भोजली बुआई किया गया जिसे पोरा तिहार के दिन जयकारे लगाते हुए ग्राम में शोभायात्रा निकाला कर ग्राम के विभिन्न चौक चौराहों होते हुए, ढोल बजाते और नाचते गाते हुए विभिन्न स्थानों से भोजली को निकाल कर शोभायात्रा के साथ शामिल करते हुए। ग्राम के तालाब में विधि विधान से भोजली दाई का नम आंखों से विदाई दी। सतीश अग्रवाल जी ने समस्त ग्रामीणजनो को पोरा पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। इस दौरान, नीरा देवी महेश कैवर्त (सरपंच),महेश कैवर्त,प्रताप निषाद ,फुलुरम निषाद,समारू राम,शंकर ध्रुव,सरिता ध्रुव,लछानी निषाद,दुर्पति निषाद,विहारी ध्रुव ,दीपक निषाद ,खुल्लू राम निषाद,रसपाल निषाद,पुरषोत्तम निषाद,अशोक निषाद,देव प्रसाद निषाद,जगेश्वर साहू, भगवन सिंह साहू,लखन निषाद,तुलाराम साहू,बिसौहा साहू,जगत राम रजक,भूवन सिंह ठाकुर, मनीष पंजवानी नगर पालिका परिषद भाटापारा एल्डरमैन,अभय ठाकुर, केदार मिश्रा, रसपाल निषाद, नीरा देवी महेश कैवर्त (सरपंच),महेश कैवर्त,प्रताप निषाद ,फुलुरम निषाद,समारू राम,शंकर ध्रुव,सरिता ध्रुव,लछानी निषाद,दुर्पति निषाद,विहारी ध्रुव ,दीपक निषाद ,खुल्लू राम निषाद,रसपाल निषाद,पुरषोत्तम निषाद,अशोक निषाद,देव प्रसाद निषाद,जगेश्वर साहू, भगवन सिंह साहू,लखन निषाद,तुलाराम साहू,बिसौहा साहू,जगत राम रजक,एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने के फायदे पर कार्यशाला

एक हजार दिनों के स्तनपान को बढ़ावा देने गुनिया बैगाओ की बैठक आयोजित

चिकित्सा विशेषज्ञों और पारंपरिक बैगाओं के बीच चर्चा

यूनिसेफएमसीसीआर का आयोजन

दंतेवाड़ा (भारत भास्कर)। दंतेवाड़ा जिले में शुक्रवार को बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर केंद्रित कार्यशाला टेकनार में आयोजित किया गया। जिसमें में बैगा, गुनिया, पेरमा एवं सिरहा और चिकित्सा विशेषज्ञों मौजूद थे। यह स्वास्थ्य संबंधी विमर्श यूनिसेफ स्वास्थ्य विभाग, राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज एवं मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।डॉ अक्षय तिवारी, यूनिसेफ स्टेट आरएमएनसीएच ने कहा कि बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण उनके भविष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है तथा इसमें किसी तरह भी कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। यूनिसेफ के वल्लभ ठक्कर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये 12 गंभीर बीमारियों व उनसे बचाव, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। इस परिचर्चा में नवजात शिशुओं के लिए 1000 दिन तक आवश्यक स्तनपान, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच आदि विषयों पर चर्चा की गई। जिले के सदूर अंचल एवं शहरी क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर हाल में गर्भवती माताओं को नियम पूर्वक उचित देखभाल, आहार एवं जरूरी दवाइयों के साथ साथ नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार से सम्बंधित जांच को आवश्यक बताया। वहीं दूसरी ओर प्रसव पूर्व एवं प्रसव के बाद उचित देखभाल के लिए स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग और उससे होने वाले फायदों को बताया गया। श्री श्याम कुमार, समन्वयक मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स ने कहा कि हमें हर हाल में बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वयस्कों में बीपी-शुगर जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। स्तनपान से बच्चों की रोग प्रतिरक्षक क्षमता बढ़ती है। स्तनपान करवाने से माताओं को स्तन कैंसर से बचाव होता है। माहवारी की वजह से एनीमिक होने से बचने के लिए आयरन टेबलेट और अन्य चीजों की जरूरत होती है। मुनगा यानी सहजन की पत्तियों का पाउडर उपयोग करना चाहिए उसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। अंकित सिंह ने कहा कि सर्प दंश पीड़ित को झाड़-फूंक करने की बजाय तत्काल हॉस्पिटल ले जाएं। गर्भवती महिलाओं का प्रसव घर में नहीं, बल्कि हॉस्पिटल में करवाएं।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एस मंडल ने पोलियो ग्रस्त बच्ची के इलाज में जटिलता और नवजात को पोलियो टीकाकरण से मिली सुरक्षा को तुलनात्मक ढंग से बताते हुए टीकाकरण के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण करवाने से 12 प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है। समुदाय में सिरहा-गुनिया के प्रभाव का सकारात्मक उपयोग जन जागरूकता लाने में भी कर सकते हैं। आपकी एक छोटी सी सही सलाह किसी का जीवन भी बचा सकती है। इस कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक, बीएमओ डॉ आरके राय ने भी मार्गदर्शन दिया। प्रमोद पोटाई लोक प्रशिक्षक ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए लोगों की जिज्ञासा का समाधान किया। इस अवसर पर बीरबल सिंह ठाकुर, मुकुंद सिंह, मधुसूदन सेठिया, जिले के बैगा, गुनिया, सिरहा, पेरमा और सामाजिक कार्यकर्ता सहित एमसीसीआर के वरिष्ठ सदस्य कमलेश पैकरा, शैलेंद्र ठाकुर और आशीष पदमवार मौजूद थे।

दंतेश्वरी पीजी कॉलेज दंतेवाड़ा में ''मातृभाषा'' हिंदी दिवस का किया गया आयोजन

दंतेवाड़ा(भारत भास्कर)। दंतेवाड़ा शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में 14 सितंबर को हिंदी विभाग के द्वारा हमारे मातृभाषा हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. के. हिरकने द्वारा कार्यक्रम में मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। डॉ हिरकने ने अपने उद्बोधन में हिंदी के प्रचार-प्रसार में किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने कहा की हमारे मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए और विशिष्ट अतिथि डॉ के. एम. प्रसाद ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. राजीव पाणिग्रही ने क्षेत्रीय भाषाओं को एक साथ लेकर हिंदी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया, डॉ भारती यजुर्वेदी ने हिंदी भाषा के गौरवशाली परंपरा के बारे में बताया। हिन्दी दिवस के दौरान हिंदी मौलिक कविता पाठ, गीत, भाषण का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ शिखा सरकार, डॉ रत्नबाला मोहंती, डॉ दिनेश लहरी, गीतेश्वर साहू श्वेता त्रिपाठी, लवली पदामी, मोनिका बघेल, हरीश मंडावी, सीता सिन्हा एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एचटेक ने भारत में ऑनर90 5जी पेश किया; आरामदायक व्यूइंग और रचनात्मक स्वतंत्रता के नए मानक स्थापित किए

रायपुर। विस्तृत समाधान प्रदाता, एचटेक ने आज भारत में ऑनर90 5जी का लॉन्च किए जाने की घोषणा की। इसमें एआई वीलॉग मास्टर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 3840 हर्ट्ज़ की पीडब्लूएम डिमिंग टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग का अग्रणी क्वाड-कर्व्ड फ्लोटिंग डिस्प्ले है। ऑनर90 5जी में आज की हमेशा सक्रिय रहने वाली जनरेशन को व्यक्तिगत अनुभव देने के लिये अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर दोनों एक ही डिवाइस में दिये गये हैं।

इस लॉन्च के बारे में एचटेक के सीईओ, श्री माधव शेठ ने कहा, एचटेक में हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर परिवेश के साथ एक मजबूत ब्रांड वापस लाने की उपलब्धि के लिए उत्साहित हैं। उपभोक्ताओं को अग्रणी टेक्नोलॉजी प्रदान करने पर केंद्रित रहते हुए ऑनर लगातार डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, बैटरी टेक सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में इनोवेशन लाने की ओर काम कर रहा है, जो सशक्त अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं पर आधारित हैं। ऑनर के मजबूत नेटवर्क और वैल्यू चेन का उपयोग करके हम ऑनर 90 5जी के साथ भारत में अपना पहला स्मार्टफोन लॉन्च कर रहे हैं। 200 मेगापिक्सल के अल्ट्रा-क्लियर कैमरा, एआई वीलॉग मास्टर और जीरो रिस्क आई-कम्फर्ट डिस्प्ले जैसे श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ इनोवेशंस एवं अत्याधुनिक एआई टेक्नोलॉजीज के साथ यह हैंडसेट स्मार्टफोन फोटोग्राफी और डिस्प्ले टेक्नोलॉजी के एक नये युग की शुरुआत कर रहा है। इसमें उन्नत टेक्नोलॉजी के साथ सॉफ़िस्टिकेटेड डिज़ाइन है, जो पूरी तरह से व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करता है। भारत में अपना रोमांचक सफ़र शुरू करते हुए हमें विश्वास है कि यूज़र्स ऑनर के इन बेहतरीन उत्पादों को बहुत पसंद करेंगे। ऑनर के साथ अपने सहयोग के बारे में रंजीत बाबू, डायरेक्टर, वायरलेस एंड टीवी, अमेज़न इंडिया ने कहा, अमेज़न में हम एचटेक द्वारा ऑनर की भारत में वापसी के लिए बहुत उत्साहित हैं, और हमें विश्वास है कि ऑनर 90 कई स्मार्टफ़ोंस में सर्वश्रेष्ठ बन जाएगा, जिससे ऑनर टेक को भारत में लोकप्रिय स्मार्टफ़ोन ब्रांड बनने में मदद मिलेगी। शक्तिशाली परफ़ॉर्मेंस, स्लीक डिज़ाइन, और सबसे अच्छे कैमरा सेटअप के साथ हमें विश्वास है कि ऑनर 90 उद्योग में हलचल मचा देगा। आज के लॉंच के साथ हम भारत के पसंदीदा ऑनलाइन ई-कॉमर्स बाज़ार में अपना संग्रह और ज़्यादा मज़बूत कर रहे हैं, और त्योहारों की तैयारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

शक्तिशाली और बहु उपयोगी मल्टी-कैमरा अनुभव- इसके ऑल-न्यू ट्रिपल कैमरा सिस्टम में 1/1.4-इंच सेंसर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा है, जो बहुत ही स्पष्टता, एचडीआर क्षमता और लो-लाइट परफ़ॉर्मेंस के साथ शानदार फोटोग्राफिक परिणाम प्रदान करता है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा : कांकेर पहुंचने पर पूर्व सांसद पुत्र अंकित सोहन पोटाई द्वारा अपने हजारों समर्थकों के साथ बाइक रैली के माध्यम से परिवर्तन यात्रा का भव्य स्वागत करते हुए आमसभा स्थल लाया गया

अशोक जैन की क़लम से

कांकेर। भाजपा की परिवर्तन यात्रा कांकेर पहुंचने पर पूर्व सांसद सोहन पोटाई के पुत्र अंकित सोहन पोटाई द्वारा अपने हजारों समर्थकों के साथ बाइक रैली के माध्यम से परिवर्तन यात्रा राथ का भव्य स्वागत करते हुए आम सभा स्थल तक लाया गया तब पश्चात अपने हजारों समथोको के साथ भाजपा में प्रवेश किया भाजपा नेताओं द्वारा माला एवं भाजपा गमछा पहनकर उनकी एवं उनके समर्थकों का जोरदार स्वागत किया गया इसी प्रकार सरोना भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया मंडल महामंत्री टेकेश्वर सिंन्हा की मार्गदर्शन में सरोना भाजपा मंडल की अंतर्गत 130 पूर्व सरकारी कर्मचारियों ने भाजपा में प्रवेश लिया इस दौरान भाजपा नेताओं द्वारा भी जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर

परिवर्तन यात्रा के कांकेर के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय , विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, विधायक रंजना साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, सांसद मोहन मण्डावी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर सभा शुरू की गई ।

आमसभा को सम्बोधित करते प्रेम प्रकाश पांडेय ने सरकार पर प्रहार करते कहा कि प्रदेश की भ्रष्ट, घोटालेबाज कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने भाजपा ने ये परिवर्तन यात्रा निकाली है । भारी बारिश के बीच भी ये उमड़ी भीड़ बताती है कि कांग्रेस के सरकार से जाने का वक्त आ चुका है । झूठे वादों के बुनियाद पर खड़ी ये भूपेश बघेल की लबरा सरकार अब दोबारा आने वाली नही है । इस सरकार से न तो नौजवान और न ही किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी, आम जनता खुश है । 2018 में कांग्रेस के झूठे वादों की चासनी जनता ने चख कर देख लिया। कांग्रेस ने चासनी के नाम पर जनता को कड़वा घूंट पिला दिया । इन पांच वर्षों में कांग्रेस ने विकास के बजाय भ्रष्टाचार को प्राथमिकता पर रखा और जमकर भ्रष्टाचार घोटाले लिये। जनता अब इनके छलावे में आने वाली नही है। आगामी 2023 के चुनाव में इन्हें मजा चखायेगी और भाजपा पुन: सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ वापसी करेगी ।

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी से पूरा प्रदेश संत्रस्त है । जनता को कांग्रेसी रूपी इस पीड़ा से बाहर निकालने के लिये भाजपा को परिवर्तन यात्रा निकालनी पड़ रही है ।प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है, और इसी डर से सहमे कांग्रेस के लोग गाहे-बगाहे रोज नया झूठ गढ़कर प्रदेश को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी आशाराम नेताम ने जनता से अपने लिए जीत का आशीर्वाद मांगते कहा कि जनता ने लगातार दो बार कांकेर विधानसभा से काँग्रेस को मौका देकर देख लिया। कांकेर का विकास के बजाय विनाश हो गया । कांग्रेस के विधायक का ध्यान क्षेत्र के विकास में कम और अपने विकास में ज्यादा है। इस बार भाजपा ने मुझ गरीब किसान के बेटे को अपना प्रत्याशी बनाया है । मैं वादा करता हु की क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से जितने पर हर समय क्षेत्र की जनता के लिये उपलब्ध रहूंगा ।

लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी ने कहा कि शराब, चावल, गौठान, कोयला, रेत, पीएससी, पीडीएस यानी सभी में कमीशनखोरी और घोटालों की सारी हदें पार कर चुकी कांग्रेस क्या इसे अपने राज का परिवर्तन बता रही है? श्री नेताम ने कहा कि धर्मांतरण को राजनीतिक संरक्षण देकर आदिवासियों की संस्कृति को नष्ट करने का काम करके कांग्रेस सरकार आदिवासी संस्कृति की रक्षा की जुमलेबाजी किस मुँह से कर रही है? कांग्रेस के कुशासन में एक ही परिवर्तन आया है कि भाजपा शासन काल में जिस छत्तीसगढ़ को सुशासन और विकास की तेज रफ्तार के लिए पहचाना जाता था, आज कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार के धत्कर्मों के कारण ईडी और सीडी के नाम पर छत्तीसगढ़ की पहचान बनी है। कांग्रेस को इस पर शर्म से गड़ जाना चाहिए। इस अवसर पर सभा का संचालन भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने किया

आमसभा के पश्चात भाजपा प्रत्याशी आशाराम नेताम के साथ भाजपा नेताओं ने रोड शो किया इस दौरान पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय व अन्य उपस्थित नेताओ द्वारा जिला अस्पताल के आगे मेन रोड कांकेर में फीता काटकर भाजपा कार्यलय का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

कलेक्टर ने ली रावघाट रेल परियोजना के अधिकारियों की बैठक

अशोक जैन की कलम से

कांकेर लोकप्रिय-कलेक्टर डा॰ प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज रावघाट रेल परियोजना एवं इस्पात परियोजना के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। उन्होंने बीएसपी तथा रेलवे द्वारा किए गये सामाजिक कल्याण एवं विकास से संबंधित कार्यो की समीक्षा की तथा पूर्व में आयोजित बैठक में उनके द्वारा दिये गये निर्देशानुसार रावघाट क्षेत्र के अंतागढ़ में संचालित सेल डीएव्ही स्कूल में 40 नए बच्चों का प्रवेश, नर्सिग कोर्स हेतु 10 बालिकाओं का चयन किया गया। दल्लीराजहरा रावघाट रेल्वेलाईन से प्रभावित परिवारों को रोजगार देने के संबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा बीएसपी को रावघाट खदान क्षेत्र में नया स्कूल तथा अस्पताल भवन बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा पाडरगांव से कोसोरोण्डा तक की दूरी 03 किलोमीटर में पक्की सड़क निर्माण हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 04 करोड 11 लाख रूपये उपलब्ध कराये जाने हेतु सहमति दी गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 03 ग्रामों चपई एवं कोहरापारा, घोटिया (गब्दी) और हरायनार (भैंसगांव) में विद्युतीकरण के लिए बीएसपी द्वारा 55 लाख रूपये जिला प्रशासन कांकेर को प्रदाय किया गया है। खनिज विभाग के उप संचालक ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 103 एवं रेल्वे द्वारा 225 प्रभावित परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान किया जा चुका है। रावघाट खदान क्षेत्र से लगे हुए और अतिरिक्त गांव को गोद ग्राम में सम्मिलित करने हेतु सर्वे भी किया जा चुका है। स्किल डेव्हलपमेंट ट्रेनिंग के अंतर्गत रावघाट खदान से लगे हुए गोद गांव के 30 हितग्राहियों को रायपुर में लाईट मोटर व्हीकल की प्रशिक्षण भी प्रदाय किया जावेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, उप महानिरीक्षक एएसबी, कमाण्डेंट बीएसफ 11 बटालियन दण्डकवन, कमाण्डेंट बीएसफ 162 बटालियन फूलपाड़, कमाण्डेंट बीएसफ 28 बटालियन कहुंचे अंतागढ, कमाण्डेंट बीएसफ 33 बटालियन केंवटी, वनमण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर जाधव श्रीकृष्ण, अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस. उईके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़, लोक निर्माण विभाग भवन, सड़क भानुप्रतापपुर के कार्यपालन अभियंता, कार्यपालक निदेशक (खदान रावघाट), महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र, (खदान रावघाट), भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई, परियोजना निदेशक, रेल विकास निगम लिमिटेड रायपुर, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, अंतागढ़ एवं उप संचालक (खनि.प्रशा.) जिला कांकेर उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

शेयर बाजार में पैसा लगाने के नाम पर 77.23 लाख की ठगी

रायपुर। विधान सभा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से अज्ञात फोनकर्ता ने शेयर बाजार में पैसा लगाने के नाम पर 77 लाख 23 हजार रूपए की धोखाधड़ी कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अतुल बंसल पिता मनमोहन बंसल 35 वर्ष निवासी अविनाश कैपिटल होम्स सड्डू ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 19 जनवरी को मोबाइल फोन क्रमांक 90015-13244 के धारक ने शेयर बाजार एवं इक्वीटी में पैसा लगाकर मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर प्रार्थी को अपने झांसे में लिया। इसके बाद आरोपी ने नगद और फोन पे के माध्यम से करीब 77 लाख 23 हजार रूपए लेकर गायब हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात फोनकर्ता के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

भाठागांव चौक में अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा

रायपुर। पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र के भाठागांव में एक युवक को पैदल जाते समय अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी विजय देवांगन पिता परसूराम देवांगन 45 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराया कि मृतक पुष्कर देवांगन पिता बलवंत देवांगन 25 वर्ष निवासी हथनीपारा भाटापारा निवासी को अज्ञात वाहन चालक ने सपना पेट्रोल पंप के पास भाठागांव में कुचल दिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

सूने मकान से तीन मोबाइल के साथ 50 हजार का सामान पार

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र के श्रद्धा विहार में अज्ञात चोर ने एक मकान से 3 मोबाइल फोन व कार की चाबी और एसेसरीज पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अनुराग कर्ष पिता स्व. डीआर कर्ष निवासी श्रद्धा विहार कालोनी बोरियाखुर्द ने शिकायत दर्ज कराया कि घटना दिनांक 9 सितंबर को प्रार्थी के मकान से किसी अज्ञात चोर ने तीन नग मोबाइल फोन, कार की चाबी व एसोसिरीज आदि कुल कीमती करीब 50 हजार रूपए चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचला

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के ग्राम भठिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने बाइक सवार को कुचल दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04-एमपी / 0448 के चालक ने ट्रैक्टर को तेज लापरवाहीपूर्वक चलाकर मृतक जीवन लाल साहू पिता खपराय साहू 58 वर्ष निवासी कोसरंगी महासमुंद को मो.सा से जाते समय अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जीवन लाल साहू को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

2.52 लाख के नशीली कफ शीरफके साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र में नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाया है। इस दौरान आरोपी इरफान खान पिता साहिद खान 44 वर्ष व अन्य दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए आरोपियों के कब्जे से 2.52 लाख का नशीली कफ शीरप बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में कुछ लोग नशीली कफशीरफका इस्तेमाल नशा करने वाले लोगों को उपलब्ध करा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मुखबीरों का जाल बिछाया और पुख्ता सूचना के आधार पर रिज मेडिकल गली चौरसिया कालोनी में दबिश दी। यहां आरोपी इरफान खान अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ नशीली कफ शीरफ के जखीरे के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 1440 बोतल कफ शीरफ प्रत्येक मे 100 एमएल अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 52 हजार रूपए बरामद किया गया है।

डायल 112 वाहन में महिला ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म, अस्पताल पहुंचने से पहले शुरू हो गई थी प्रसव पीडा

रायपुर। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर के ग्राम गिरधौना में एक महिला ने डायल 112 वाहन में जुडवा बच्चों को जन्म दिया। तखतपुर थाना क्षेत्र की महिला को डिलवरी के लिए डायल 112 की गाड़ी में स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया जा रहा था इससे पहले की महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। आरक्षक ने समझदारी दिखाई और वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया।

मुख्यमंत्री निवास में धूमधाम से मनाया गया तीजा-पोरा तिहार

मुख्यमंत्री ने करु भात खिलाने से लेकर साज-श्रृंगार और विदाई की निभाई रस्में

- तिजहारिन माताओं-बहनों में दिखा गजब का उत्साह छत्तीसगढ़ी गानों में जमकर थिरकीं
- मुख्यमंत्री के न्यौते पर पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने उत्साह के साथ आयोजन में लिया हिस्सा

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री निवास में आज तीजा पोरा तिहार धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निमंत्रण पर पारंपरिक वेशभूषा में हजारों की संख्या में महिलाएं तीजा-पोरा मनाने मुख्यमंत्री निवास पहुंची। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास को पारंपरिक छत्तीसगढ़िया अंदाज में सजाया गया था। तीजा-पोरा तिहार के अवसर पर महिलाओं-बहनों के लिए मुख्यमंत्री निवास में मायके की तरह करु भात खिलाने से लेकर साज-श्रृंगार और विदाई तक सारी रस्में निभाई गईं। मेहंदी, आलता से श्रृंगार की व्यवस्था के साथ पूजा के लिए भगवान महादेव का आकर्षक मंदिर तैयार किया गया। मुख्यमंत्री सहित वहां मौजूद महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। करु भात के लिए करेला चने की सब्जी, कढ़ी के साथ ठेठरी, खुरमी, बड़ा, सोहारी और अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों के दल ने छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत से अनोखा समा बांधा। 'तीजा पोरा के तिहार बहिनी नीक लागे मोर और गाड़ा गाड़ा जोहार...' जैसे गानों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। मुख्यद्वार के पास रईचुली झूले की व्यवस्था थी, जिसका महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भी महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए सपरिवार रईचुली झूले का आनंद लिया। मुख्यमंत्री संग सेल्फी लेने माताएं बहनें उत्साहित दिखी। तीजा-पोरा तिहार कार्यक्रम के लिए पूरे मुख्यमंत्री निवास की पारम्परिक रूप में भव्य सजावट की गई थी। कार्यक्रम प्रांगण को तीजा-पोरा पर्व सहित छत्तीसगढ़ी ग्रामीण संस्कृति और जन-जीवन के प्रतीकों से सुसज्जित किया गया था। मुख्य द्वार को पोरा पर्व के पारंपरिक नांदिया बैला से सजाया गया था। गैलरी को रंग-बिरंगे झालरों द्वारा आकर्षक कलेवर दिया गया था। ग्रामीण संस्कृति से जुड़े नयनाभिराम चित्रों से दीवारों को सजाया गया। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषणों का प्रदर्शन भी यहां किया गया। मुख्यमंत्री निवास में माताओं-बहनों के हाथों में मेहंदी और पैर में माहुर लगाने की व्यवस्था की गई थी। यह माना जाता है जब बेटी अपने मायके आती है तो वह कुछ इसी तरह साज श्रृंगार कर तीजा के त्यौहार में शामिल होती है। मेहंदी और माहुर लगवाने के लिए महिलाएं उत्साहित दिखीं और उनके चेहरे पर अलग ही मुस्कान खिली नजर आई जिसने माहौल को और खूबसूरत बना दिया। प्रदेश में जो भी अतिथि आते हैं, महिलाओं को लेकर उनकी धारणाएं बदली है, छत्तीसगढ़ की महिलाएं जागरूक है और वह सक्रियता के साथ सभी गतिविधियों में भाग लेती हैं। इसलिए जब आप प्रदेश की सारी योजनाएं देखेंगे तो पाएंगे कि इन्हें महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है।

अपनी किस्मत ही कुछ ऐसी थी कि दिल टूट ही गया...

रायपुर/ संवाददाता

बस्तर में सफाये के बावजूद भाजपा ने अपने भीतर बदलाव किए बिना परिवर्तन यात्रा शुरू कर दी। इससे सिर मुंड़ाते ही ओले पड़े वाली कहावत चरितार्थ हो गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव अपनी जिम्मेदारी पर खरे उतरने के साथ भरपूर मेहनत कर रहे हैं लेकिन भाजपा के ही बड़े नेता उनकी कोशिशों पर पानी फेर रहे हैं। भाजपा की आंतरिक स्थिति को देखकर कुदरत भी हैरान है। भाजपा ने बस्तर संभाग प्रभारी सांसद संतोष पांडेय के निर्देशन में बस्तर के दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा की शानदार शुरुआत करने काफी श्रम किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आने की खबर से इस आयोजन का महत्व बढ़ने की उम्मीद की जा रही थी। वे नहीं आये। मौसम की बेरुखी को ढाल बनाया गया। कांग्रेस कह रही है कि अपेक्षित भीड़ न जुट पाने की खबर से शाह नहीं आये। वैसे बस्तर के मौसम ने भाजपा का साथ नहीं दिया, मगर जब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बस्तर मुख्यालय जगदलपुर पहुंच गई थीं तो क्या पार्टी की खातिर वे जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक सड़क मार्ग से यात्रा कर दो मिनट के लिए ही सही, परिवर्तन यात्रा के रथ में सवार नहीं हो सकती थीं? यह सवाल भाजपा के उन कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहा है जो जोखिम मोल लेकर परिवर्तन की अलख जगाने साव के साथ निकले हैं। यह भी तो हो सकता था कि स्मृति ईरानी एक दिन बस्तर में बैठने जगह तलाश रही भाजपा को दे देतीं। कम से कम यह संदेश तो जाता कि भाजपा के बड़े नेता सुविधाभोगी ही नहीं, मैदानी कार्यकर्ता भी हैं। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने का अवसर भाजपा ने खो दिया। एक वक्त था, जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए मुरली मनोहर जोशी ने तिरंगा यात्रा निकालकर कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया था। आज के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सह यात्री थे। उस समय वहां जितना खतरा था, उसके मुकाबले बस्तर में कुछ खास खतरा अब नहीं है। जो थोड़ी बहुत आशंका है भी तो सुरक्षा व्यवस्था देश के गृहमंत्री के प्रस्तावित दौरे के हिसाब से मौजूद ही रहना स्वाभाविक था। फिर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले ही कह चुके थे।

आरटीई के लंबित भुगतान के लिए निजी विद्यालय कर सकेंगे दावा....

- वर्ष 2020-21 के लिए 21 एवं 22 सितम्बर तथा वर्ष 2021-22 के लिए 25 एवं 26 सितम्बर को दावा के लिए खुलेगा पोर्टल

रायपुर। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) अन्तर्गत जिन विद्यालयों के द्वारा विगत वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 दोनो वर्षों का दावा नही किया गया है उनके लिये विभाग द्वारा आरटीई पोर्टल खोलने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2020-21 के लंबित भुगतान दावा के लिए 21 एवं 22 सितम्बर 2023 को तथा वर्ष 2021-22 के लंबित भुगतान दावा के लिए 25 एवं 26 सितम्बर 2023 तक पोर्टल को खोला जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में समस्त निजी विद्यालयों को सूचित किया गया है, ताकि वे निर्धारित तिथियों में दावा करें। संबंधित निजी विद्यालयों के दावा राशि के सत्यापन उपरांत पात्र विद्यालयों के खाते में राशि अन्तरित करने की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत शुल्क प्रतिपूर्ति के संबंध में छत्तीसगढ़ प्राईवेट स्कूल एसोसियेशन के द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें कंडिका-5 में उल्लेख किया गया है कि, शुल्क प्रतिपूर्ति की लगभग 250 करोड़ रूपए की राशि लंबित है, जिसका भुगतान किया जाए। प्रकरण के संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि जिन निजी विद्यालयों का भुगतान लंबित है उनके स्वयं के द्वारा निर्धारित समय पर दावा नहीं किया गया है, या उनके द्वारा नोडल अधिकारी से सत्यापन करा कर आवश्यक दस्तावेज समय पर जिला कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है।

अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने रबर किसानों की समस्याओं को उजागर करने के लिए नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ मॉडल ने किसानों की आय बढ़ाया गुजरात मॉडल ने कर्ज-ठाकुर

- डबल इंजन की यूपी, एमपी, गुजरात, हरियाणा सरकार में किसान सबसे ज्यादा कर्ज में

रायपुर/ संवाददाता

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों के लिए हानिकारक साबित हुई है। छत्तीसगढ़ मॉडल किसानों की आय बढ़ाने में सफल हुई गुजरात मॉडल से किसान कर्ज के बोझ तले दबे है। मोदी वन 2019 में देश भर के किसानों के ऊपर लगभग 17 लाख करोड रुपए का कर्ज था जो मोदी टू 2023 में खत्म होने के बजाये 4 लाख करोड़ बढ़कर 21 लाख करोड़ तक पहुंच गया। 2019 में प्रत्येक किसानों के ऊपर लगभग 1 लाख का कर्ज था जो 2023 में बढ़कर 1 लाख 35 हजार रु. तक बढ़ गया है। डबल इंजन की सरकार मध्यप्रदेश 76 लाख 97 हजार 16 किसान, उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 51 लाख 39 हजार 571 किसान, गुजरात में 47 लाख 51 हजार 60 किसान और हरियाणा में 36 लाख 17 हजार 278 किसानों कर्जदार है। ये सब भाजपा के किसानों के साथ वादाखिलाफ़ी धोखा का दुष्परिणाम है। मोदी अपने मित्रों के प्रति जितने वफादार हैं यदि उतनी वफादारी किसानों के प्रति दिखाई होती तो किसान आज कर्ज मुक्त होता। मोदी सरकार ने अब तक पूंजीपतियों के 13लाख करोड रुपए का लगभग ऋण माफ किया है और किसानों से सिर्फ धोखा किया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास का दावा करने वाली भाजपा की पोल खुल गई है ।

जी20 बैठक के लिए रायपुर पुलिस की मुस्तैद व्यवस्था

रायपुर। राजधानी रायपुर में 18 और 19 सितंबर को आयोजित होने वाली त्र20 की बैठक लेकर पुलिस अधिकारियों ने तैयारी पूरी कर ली है. नवा रायपुर के निजी होटल में आयोजित फाइनेंस ट्रैक पर फोर्थ फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 50 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे.बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों को कोई परेशानी ना हो और उनकी सुरक्षा में चूक ना हो, इसके लिए रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने 800 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों को मुस्तैद करने का निर्णय लिया है. नवा रायपुर के निजी होटल में आयोजित फाइनेंस ट्रैक पर फोर्थ फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप मीटिंग में 50 देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. आयोजन के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल में ड्रोन और खोजी कुत्तों के दल को पदस्थ किया जाएगा. खोजी कुत्तों से कार्यक्रम स्थल और आस-पास के इलाकों का जायजा लेने के बाद क्लीरियंस दिया जाएगा. बैठक के मद्देनजर 12 एएसपी, 25 डीएसपी, 50 इंस्पेक्टर और 800 जवानों की ड्यूटी लगाई है. कार्यक्रम के दिन से तीन दिन पूर्व ही जवानों को नवा रायपुर में पॉइंट बनाकर पदस्थ कर दिया जाएगा. जवानों का नेतृत्व राजपत्रित अधिकारी करेंगे.

छत्तीसगढ़ में फिर होगी बारिश मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए जारी की चेतावनी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में अगले 24 घंटो के दौरान भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश के कई जिलों में मानसून का असर दिखेगा और इन क्षेत्रों में अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले 24 घंटो के दौरान सुरजपुर, कोरिया, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर- चांपा, बिलासपुर, कबीरधाम, बलौदाबाजार, मुंगेली, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, गरियाबंध, धमतरी, कांकेर, बालोद, कोंडागांव, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, इस दौरान गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, कोंडागांव, बस्तर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास स्थित है तथा यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

छत्तीसगढ़ को एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

जलजीवन सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नारायणपुर जिले को मिला पुरस्कार

- नारायणपुर जिले के 18 हजार 72 घरों में अभी तक दिया जा चुका नल कनेक्शन, 14 गाँव ऐसे जहाँ शतप्रतिशत परिवारों को दिया गया कनेक्शन

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सराहा जा रहा है। इसी कड़ी में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नारायणपुर जिले को आकांक्षी जिले के अंतर्गत जलजीवन सर्वेक्षण 2023 में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से केंद्रीय जलशक्ति, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस सम्मान के लिए नारायणपुर जिलावासियों को तथा इस कार्य में लगे जलजीवन मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि बेहद कठिन बसाहटों वाले नारायणपुर जिले के गाँव-गाँव में हर ग्रामीण को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसे सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने आंकाक्षी जिले के अंतर्गत नारायणपुर जिले को सम्मानित किया। केंद्र सरकार द्वारा जलजीवन सर्वेक्षण 1 अक्टूबर 2022 से 30 जून 2023 तक कराया गया। इसमें आकांक्षी जिलों अंतर्गत नारायणपुर जिले का कार्य उत्कृष्ट पाया गया। इस जिले के लिए जलजीवन मिशन ने 30 हजार 322 परिवारों तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य रखा था इसमें 18 हजार 72 घरों तक नल कनेक्शन पहुँचाया जा चुका है। 14 गाँव ऐसे हैं जहां शतप्रतिशत परिवारों को कनेक्शन दिया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री



श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जलजीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम मिशन मोड पर किया जा रहा है। मिशन संचालक जलजीवन मिशन श्री आलोक कटियार ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सतत् मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के कार्यों में मानक गुणवत्ता के साथ वांछित प्रगति प्राप्त हुई है, वर्तमान स्थिति में राज्य द्वारा औसतन प्रतिदिन 7000 घरेलू कनेक्शन की उपलब्धि अर्जित की जा रही है तथा 60 प्रतिशत परिवारों को घरेलू कनेक्शन दिया जा चुका है। अब तक राज्य के कुल 422 ग्रामों को हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि नारायणपुर जिले में दो विकासखंड ओरछा और नारायणपुर है। विकासखंड ओरछा का अधिकांश क्षेत्र अबूझमाड़ के अन्तर्गत आता है जो लगभग 4 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ पहाड़ एवं घने जंगलों से घिरा हुआ है। अभी तक इन क्षेत्रों का सर्वे भी नहीं हो पाया है। इस असर्वेक्षित क्षेत्र में 275 से अधिक ग्राम है, जिसके किसानों के हितों को देखते हुये मसाहती सर्वे के कार्य हेतु मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था। मसाहती ग्रामों में सर्वे कार्य चल रहा है। जल जीवन मिशन अन्तर्गत सोलर पम्प आधारित पेयजल योजनाये इस जिले के दूर-दूर में फैले बसाहटों में निवासरत ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में जलजीवन मिशन अंतर्गत राज्य के कुल 43 हजार 974 शाला (86.78 प्रतिशत), 41 हजार 719 आंगनबाड़ी केंद्र (83.39 प्रतिशत) एवं 5246 स्वास्थ्य केंद्र (97.86 प्रतिशत) में रनिंग वाटर उपलब्ध कराया जा चुका है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com